• जयपुर, मंगलवार 15 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 316 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

भाजपा के जनसंपर्क मॉडल को प्रदेश की जनता ने किया स्वीकार, अब ग्राम विकास और वार्ड विकास पर होगा बेहतर कार्यः भजनलाल शर्मा

# निकाय चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत हमारे कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की जनता को समर्पितः भजनलाल शर्मा

## सरकार के जनसुनवाई और समस्या समाधान के प्रयासों की 84 फीसदी सफलता दर भी जनता के विश्वास को करती है मजबूतः भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय राजस्थान की जनता के विश्वास की जीत है। यह जीत उन सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिन्होंने लगातार समय देकर और कठिन परिश्रम कर भाजपा को विजय दिलाने का कार्य किया।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले ढाई वर्षों में राजस्थान में हुए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रदेश की जनता ने अपनी मुहर लगाई है। राजस्थान की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' के संकल्प को स्वीकार करते हुए भाजपा के पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया है। प्रदेश के युवाओं ने भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और विजन पर फिर से भरोसा जताया है। यह जीत राजस्थान ही नहीं, बल्कि देश के युवाओं के उस विश्वास को भी दर्शाती है, जो प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में सहभागी बनना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी निकायों तक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है। सरकार की नीति के अनुरूप 'ग्राम विकास और शहर विकास' के कार्यों को धरातल तक पहुंचाने का काम किया गया है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके सुख-दुख में सहभागी बनने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने ढाई वर्ष पहले जो संकल्प लिए थे, उनमें से 78 प्रतिशत संकल्प पूरे किए जा चुके हैं। नगरीय विकास के लिए दिए गए संकल्प पत्र में जनता के हित, विकास, गरीब कल्याण, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों और आमजन से जुड़े जो वादे किए गए हैं, उन्हें भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई राजनीतिक दल जनता से जुड़कर उनके कार्यों और संवेदनाओं को समझते हुए उनके हर सुख-दुख में सहभागी बन सकता है, तो वह 'भारतीय जनता पार्टी' है। भाजपा का जनसंपर्क मॉडल, आमजन की बात सुनने और उनकी शिकायतों का समाधान करने की कार्यप्रणाली जनता ने स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि सरकार के जनसुनवाई और समस्या समाधान के प्रयासों की 84 प्रतिशत सफलता दर भी जनता के विश्वास को मजबूत करती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह विजय राजस्थान की जनता और भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पित है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प की जीत, युवाओं के विश्वास की जीत और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास, वार्ड विकास और निकाय विकास के जिस मॉडल को प्रदेश सरकार आगे बढ़ा रही है, उस पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है और आने वाले समय में पंचायत चुनावों में भी जनता भाजपा के विकास मॉडल पर अपना विश्वास व्यक्त करेगी।

## निकाय चुनाव में ऐतिहासिक विजय के लिए सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के लिए प्रदेश की जनता और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस विजय में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को जागरूक करने और पार्टी के पक्ष में वातावरण बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक विजय के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद दिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, संगठन महामंत्री अजेय सहित प्रदेश पदाधिकारियों का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय की बधाई दी। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, डॉ अरूण चतुर्वेदी, सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बाल मुकुंदाचार्य, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, कैलाश मेघवाल, प्रदेश मंत्री डॉ अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, कार्यालय सचिव मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया प्रभारी हीरेंद्र कौशिक, आईटी प्रभारी अविनाश जोशी सहित प्रदेश पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दूर रहो, चिल्लाती रही स्पोर्ट्स बाइक पर जाती महिला, कार ने मारी टक्कर, सड़क पर घिसटती गई बाइक

**गुरुग्राम/एजेंसी।** गुरुग्राम की गोल्फ कोर्स रोड पर रविवार को हिट एंड रन का मामला सामने आया। बाइकिंग ग्रुप के साथ स्पोर्ट्स बाइक पर सवार महिला को एक कार ने कथित तौर पर साइड से टक्कर मार दी। हादसे में महिला सड़क पर गिर गई, जबकि उसकी बाइक कई मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। टक्कर के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो बाइक पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जिसे महिला ने सोशल मीडिया पर साझा किया है।




बाइक सवार महिला की पहचान सिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह रविवार को अप्रिलिया आरएस 457 बाइक से अपने ग्रुप के साथ गोल्फ कोर्स रोड पर राइड कर रही थीं। सिया का आरोप है कि राइड शुरू होने के बाद से ही एक कार में सवार कुछ लोग उनका पीछा कर रहे थे और उनके साथ बदतमीजी कर रहे थे।

## हिंदी किसी की प्रतिस्पर्धी नहीं, यह भारतीय भाषाओं के बीच आत्मीय संवाद और राष्ट्रीय एकात्मता की अहम कड़ी : अमित शाह

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हिंदी किसी भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच आत्मीय संवाद और राष्ट्रीय एकात्मता की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि की अनुपम भूमि है। सभी लोग कहते हैं कि हमारी भाषाएं अलग-अलग हैं। मैं मानता हूं कि हमारी सबसे बड़ी ताकत इतनी सारी भाषाएं होना है। अपने साथ हर भाषा एक इतिहास, लोक परंपरा और जीवन दृष्टि को लेकर चलती है, जो हमारी नई पीढ़ी के संस्कार को भी आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा, यही भाषाई बहुलता भारत की विविधता में एकता की भावना को सशक्त बनाती है। भाषा सिर्फ संवाद का साधन नहीं है, बल्कि किसी भी समाज की स्मृति औरप आत्मबोध होती है। हिंदी ने इस विविधता के बीच संवाद, संपर्क और समन्वय की भाषा के रूप में देश के विभिन्न वर्गों और समुदायों को जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी का विकास तभी सार्थक है, जब वह सभी भारतीय भाषाओं के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के साथ आगे बढ़े। अमित शाह ने कहा, हिंदी किसी भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच आत्मीय संवाद और राष्ट्रीय एकात्मता की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस सत्य का सबसे सुंदर प्रमाण हमारा अपना इतिहास है।



शाह ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती की मातृभाषा गुजराती थी। फिर भी उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश हिंदी में लिखा। महात्मा गांधी ने 1918 में मद्रास में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस बांग्ला भाषी थे, पर उन्होंने आजाद हिंद फौज की संपर्क भाषा हिंदी को बनाया और देश को जय हिंद का नारा दिया।

## सरकार के पीछे पड़े कॉकरोच, अभिजीत दीपके का बड़ा ऐलान-फिर शुरू होगा आंदोलन

मुंबई/एजेंसी

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की ऑनलाइन परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने का ऐलान किया है। पार्टी ने एमपीएससी के अध्यक्ष और सचिव के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की है। सीजेपी ने कहा है कि मांग पूरी नहीं होने पर राज्यव्यापी आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। सीजेपी की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक,



अभिजीत दीपके और पार्टी के अन्य नेता एमपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में शामिल होंगे। इससे पहले एमपीएससी की तैयारी कर रहे कुछ अभ्यर्थियों ने छत्रपति संभाजीनगर के वालुज स्थित दीपके के आवास पर उनसे मुलाकात की थी।

रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में खुलासा

# एलएसी पर कम हुई चीन की सैन्य मौजूदगी

## उत्तरी सीमाओं पर करीब 10 ब्रिगेड तैनात

नई दिल्ली/बीजिंग/एजेंसी।

भारत-चीन सीमा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रक्षा मंत्रालय की 2025-26 की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 में उत्तरी सीमाओं पर चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की तैनाती में बड़ी कमी दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के सामने अपनी सैन्य मौजूदगी घटाई है और अब उत्तरी सीमाओं तथा पारंपरिक प्रशिक्षण क्षेत्रों में करीब 10 कंबाइंड आर्म्स ब्रिगेड के बराबर बल तैनात है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत की ओर से सभी एलएसी सेक्टर में सेना की तैनाती मजबूत बनी हुई है। भारतीय सेना किसी भी उभरती चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और उचित स्थिति में है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और चीन के बीच सकारात्मक राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तर की बातचीत से उत्तरी सीमाओं पर स्थिति में अपेक्षाकृत स्थिरता आई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत दोबारा शुरू हो चुकी है। इसमें अक्टूबर 2025 में पूर्वी लद्दाख में हुई 23वीं कोर कमांडर स्तर की बैठक भी शामिल है। सैन्य वार्ताओं के जरिए सीमा से जुड़े मुद्दों को सुलझाने और तनाव कम करने के प्रयास लगातार जारी हैं।



इसके अलावा चीनी क्कक्र के साथ बॉर्डर पर्सनल मीटिंग भी सभी सेक्टर में जारी हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन बैठकों का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा है और इनके जरिए दोनों पक्षों से जुड़े मुद्दों को उठाने और उनके समाधान की कोशिश की जा रही है। रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में ऑपरेशन सिंदूर का भी विशेष उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की मल्टी-डोमेन सैन्य क्षमता, खुफिया बढ़त, तकनीकी ताकत और तीनों सेनाओं की संयुक्त ऑपरेशनल तैयारियों को प्रदर्शित किया।

ऑपरेशन के बाद भारतीय सेना ने अपनी क्षमताओं और कमियों का व्यापक आकलन भी किया। इसके आधार पर फोर्स रिस्ट्रक्चरिंग, तीनों सेनाओं के बीच बेहतर जॉइंटनेस और नई तकनीकों पर अधिक जोर दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बदलते सुरक्षा माहौल और उभरती चुनौतियों को देखते हुए भारतीय सेना अपनी ऑपरेशनल तैयारियों और सैन्य क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रही है। भारत की ओर से रुष्ट पर मजबूत सैन्य तैनाती बनाए रखने के साथ चीन के साथ संवाद और सैन्य वार्ता के जरिए सीमा पर स्थिरता कायम करने की कोशिश जारी है।

## भस्म आरती : गणेश स्वरूप में सजे बाबा महाकाल

### भांग, रुद्राक्ष की माला और फूलों से भव्य शृंगार

उज्जैन/एजेंसी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया और चतुर्थी तिथि पर, सोमवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सोमवार तड×के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। दिव्य शृंगार और भस्म आरती के बाद जैसे ही श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन हुए, पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री महाकाल' के उद्घोष से गूंज उठा। मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा।



महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद, और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। बाबा महाकाल की पूजा के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा ने मुकुट धारण किया। इसके बाद झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े, और शंखनाद के साथ भस्म आरती की गई। बाबा महाकाल का भांग से गणेश स्वरूप में शृंगार किया गया। बाबा को रुद्राक्ष और फूलों की माला अर्पित की गई।

## संपादकीय

# सोनिया का इनकार काबिल-ए-तारीफ निर्णय

सोनिया गांधी अपने अनुभव सुनाना चाहती हैं, तो आखिर उसका अवसर उन्हें क्यों नहीं मिलना चाहिए? अगर उनकी टिप्पणियां पूर्वाग्रह भरी हुईं, तो उनसे आहत पक्ष के पास जवाब देने का पूरा अवसर मौजूद रहेगा।


कहने को तो भारत लोकतंत्र है, लेकिन यहां विपक्ष के सर्व–प्रमुख नेताओं तक को अपनी कहानी बताने की आजादी नहीं है! सोनिया गांधी नरेंद्र मोदी या आरएसएस के बारे में अपने अनुभव या अपनी राय सुनाना चाहती हैं, तो आखिर उसका अवसर उन्हें क्यों नहीं मिलना चाहिए? भारत– चीन संबंध से जुड़ी किसी घटना पर उनकी राय को देश के सामने आने से क्यों रोका जाना चाहिए? अगर उनकी टिप्पणियां पूर्वाग्रह भरी होंगी या उनसे कोई गलतबयानी सामने आएगी, तो उससे आहत व्यक्ति या पक्ष के पास जवाब देने का अवसर तो मौजूद ही रहेगा। एक बार एक फिल्म पर प्रतिबंध से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि असहमत व्यक्ति फिल्म ना देखने या अभिव्यक्ति के अपने माध्यम से उसका जवाब देने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन लोकतंत्र में कलाकृति या वैचारिक अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध का कोई औचित्य नहीं है।

लेकिन ये उस दौर की बात है, जब प्रतिबंध सरकार का विशेषाधिकार समझा जाता था। तब परोक्ष दबाव या सामाजिक ट्रोलिंग के जरिए अघोषित प्रतिबंध का चलन नहीं था। ताजा मामले में प्रत्यक्ष रूप से सरकार कहीं मौजूद नहीं है। मगर देश के मौजूदा सियासी माहौल का गहरा साया इस पर साफ देखा जा सकता है। सोनिया गांधी की आत्म–कथा– 'बिलॉन्गिग: ए जर्नी ऑफ लव' को जो प्रकाशक अमेरिका में छाप रहा है, खबरों के मुताबिक उससे ही जुड़े भारतीय प्रकाशक ने भारत में इसे जारी करने से इनकार कर दिया है।

बताया जाता है कि भारतीय संस्करण में सोनिया गांधी से कुछ हिस्सों को हटाने को कहा गया, जिससे उन्होंने मना कर दिया। गुजरे सवा दशक में उसी प्रकाशक ने भारत में कई किताबों को इसीलिए नहीं प्रकाशित किया, क्योंकि उससे सत्ता या अन्य शक्तिशाली पक्षों के नाराज होने का अंदेशा था। जबकि कुछ ले–खकों ने प्रकाशकों के दबाव में ₹आपत्तिजनक₹ हिस्से हटा कर किताब छपवा लेना बेहतर समझा। ऐसा करने से सोनिया गांधी का इनकार काबिल–ए–तारीफ निर्णय है। मगर इस घटनाक्रम ने भारत में अभिव्यक्ति के सिकुड़ते दायरे को जग–जाहिर कर दिया है, जिससे लोकतंत्र की स्थिति पर उठे सवाल और संगीन हो गए हैं।

# डिजिटल युग और एआई में हिंदी: चुनौती या नया अवसर

**डॉ. आरती पाठक**




21वीं सदी सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सदी है। एक दौर था जब तकनीक और इंटरनेट की दुनिया में अंग्रेजी का एकछत्र राज माना जाता था और यह आशंका जताई जाती थी कि डिजिटल क्रांति भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी को हाशिए पर धकेल देगी। परंतु आज परिदृश्य इसके ठीक उलट है। डिजिटल युग और एआई के इस दौर में हिंदी न केवल अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करा रही है, बल्कि विकास के नए आयाम भी तलाश रही है। ऐसे में यह सवाल बेहद प्रासंगिक हो जाता है कि क्या यह दौर हिंदी के अस्तित्व के सामने कोई संकट खड़ा कर रहा है या फिर यह उसकी प्रगति का एक ऐतिहासिक अवसर है?

निःसंदेह, तकनीक के शुरुआती दौर में हिंदी के सामने चुनौतियाँ कम नहीं थीं। इंटरनेट की बुनियाद और कोडिंग मुख्य रूप से रोमन लिपि पर केंद्रित थी। देवनागरी लिपि के लिए मानक फॉन्ट और सहज कीबोर्ड का न होना एक बड़ी तकनीकी बाधा थी। इसके अलावा, एआई आधारित मॉडलों को प्रशिक्षित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल डेटासेट की आवश्यकता होती है। इंटरनेट पर मानक और शुद्ध हिंदी सामग्री की सीमित उपलब्धता के कारण शुरुआती वॉयस असिस्टेंट और अनुवाद टूल्स कई बार भाषा के व्याकरण और संदर्भ को सही ढंग से नहीं पकड़ पाते थे।

हालाँकि, जैसे-जैसे तकनीक का प्रसार भारत के छोटे शहरों और ग्रामीण अंचलों तक हुआ, डिजिटल परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। टेक कंपनियों को यह समझने में देर नहीं लगी कि भारत का असली और विशाल बाज़ार गैर-अंग्रेजी भाषी आबादी में बसता है। आज गूगल, यूट्यूब और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर सबसे अधिक खोज और कंटेंट की खपत हिंदी में हो रही है।

एआई और वॉयस टेक्नोलॉजी ने तो साक्षरता और भाषा के बीच की दूरी को ही मिटा दिया है। 'गूगल असिस्टेंट' या 'एलेक्सा' जैसे टूल्स की मदद से जो लोग लिखना या टाइप करना नहीं जानते, वे भी केवल अपनी आवाज़ के बल पर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इसने हिंदी भाषी आम जनमानस के लिए सूचना और ज्ञान का अधिकार वास्तव में सुलभ बना दिया है।

इसी प्रकार, एआई आधारित न्यूरल मशीन ट्रांसलेशन ने दुनिया भर के ज्ञान-विज्ञान, चिकित्सा, विधि और प्रशासनिक साहित्य को हिंदी में अनूदित करने की प्रक्रिया को गति दी है। आज डिजिटल युग ने हिंदी कंटेंट क्रिएट-र्स, पत्रकारों, ब्लॉगर्स और पॉडकास्टर्स के लिए संभावनाओं के असीम द्वार खोल दिए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और मीडिया हाउसों में हिंदी की बढ़ती माँग ने युवाओं के लिए रोज×गार के नए और आकर्षक अवसर पैदा किए हैं।

तथापि, इस उजले पक्ष के साथ एक सावधान करने वाला पहलू भी है। एआई और मशीन जनित सामग्री के अति-प्रयोग से भाषा की शुद्धता, उसकी मौलिक आत्मा और व्याकरणिक सौंदर्य के क्षरण की संभावना बनी रहती है। 'हिंग्लिश' का बढ़ता प्रभाव और मशीनी अनुवाद का अंधाधुंध उपयोग भाषा के लालित्य को चोट पहुँचा सकता है।

अतः आवश्यकता इस बात की है कि हिंदी के विद्वान, भाषाविद और तकनीकी विशेषज्ञ मिलकर काम करें। हमें एआई मॉडलों को समृद्ध, प्रामाणिक और उच्च स्तरीय हिंदी डेटासेट से प्रशिक्षित करना होगा।

निष्कर्षतः, एआई और डिजिटल क्रांति हिंदी के लिए कोई खतरा नहीं, बल्कि एक स्वर्णिम अवसर है। तकनीक ने हिंदी को महज़ साहित्यिक गोष्ठियों और आधिकारिक औपचारिकताओं से निकालकर वैश्विक डिजिटल पटल पर स्थापित कर दिया है। यदि हम भाषा की मौलिकता की रक्षा करते हुए इस तकनीक को पूरी क्षमता से अपनाएँ, तो आने वाले समय में हिंदी विश्व की सबसे सशक्त और ज्ञान-समृद्ध डिजिटल भाषाओं में अग्रगण्य होगी।

लेखिका कालिंदी महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली

# मध्यप्रदेश हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला देश का पहला राज्य

● **विश्वास कैलाश सारंग**



स्टीफन स्पेंडर की तरह कहें तो सर्जना के स्तर पर भाषा, अपनी भाषा एक आध्यात्मिक गतिविधि है या टाल्सटाय के शब्दों में यहाँ आध्यात्मिक सक्रियता के स्त्रोत प्रवाहित होते हैं या मुक्तिबोध के शब्दों में 'स्व' से ऊपर उठना, अन्य के मर्म में प्रवेश करना मनुष्यता का सबसे बड़ा लक्षण है। और यह लक्षण हिन्दी में शब्द बनते ही दिखाई देने लगता है। आकार, अक्षर और ध्वनि का एकाकार जिस भाषा में हुआ वह सिर्फ हिन्दी है।

इसलिए मैं गिलक्राइस्ट जैसे लोगों का सख्त विरोधी हूं जो हिन्दी को गंवारू और हिन्दुओं की भाषा कहता था। 'गार्सा-द-तासी' ने लिखा था हिन्दी में हिन्दू धर्म का आभास है। इसलिए यदि हिन्दी के लोकवृत्त को समझना हो तो भक्ति आंदोलन को समझना जरुरी है। जब कबीर कहते हैं 'कबीरा खड़ा बाज़ार में, लिए लुकाठी हाथ' तो वो बाजार का नहीं उसकी माया का विरोध कर रहे हैं या विद्यापति की उम्मीद 'बिपत अपत तरु पाओल रे पुन नव नव पात'। यह हिन्दी का संदेश है कि जो पत्ते सूख गए हैं तो उनमें फिर नए पत्ते आएंगे। हमारे देश में उदारवाद के पगचिन्ह भक्तिकाल में साफ-साफ दिखाई देते हैं। आखिर मथुरा में आचार्य वल्लभ पहुंचे, चैतन्य पहुंचे और इन सभी ने सामुदायिक खाइयों को पाटने का काम किया।

हिन्दी की पाचनशक्ति अद्भुत है। इसमें दुनियाभर की भाषाओं के शब्द हैं और वे अतिथि शब्द नहीं है बल्कि आत्मसात कर लिए गए शब्द हैं। ऐसा दुनिया की कोई भाषा नहीं कर सकी। अंग्रेजी भी नहीं जिसकी सर्वाधिक डुग्गी हमारे देश में पीटी जाती है। अंग्रेजी से पहले वहाँ लैटिन और ग्रीक बोली जाती थी यही अभिजात्य वर्ग की भाषा थी। अंग्रेजी उस समय अभिजात्यों की नहीं हाशिए पर जी रहे गरीबों और मजदूरों की भाषा थी। उनके शब्द लिए गए मगर अंग्रेजी उन्हें आत्मसात नहीं कर पायी। जैसे जॉन कीट्स की एक कविता का शीर्षक है ₹ला बेले डेम सैंस मर्सी₹ यानि एक दयाहीन सुंदर महिला यह शीर्षक 15वीं शताब्दी का है। अंग्रेजी में यह कविता बेहद चर्चित है, जिसमें एक परी शूरवीर को सम्मोहित करके अप्रिय भाग्य का श्राप देती है। हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं भारत की संस्कृति है। यह उदार और निर्माणात्मक में सुन भर लीजिए तो हिन्दी स्मृति में बसने लगती है।

हमारे यशस्वी और श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पंक्तियां है- ₹आसमान में सिर उठाकर, घने बादलों को चीरकर, रोशनी का संकल्प लें, अभी तो सूरज उगा है। दृढ़ निश्चय के साथ चलकर, हर मुश्किल को पार कर,घोर अंधेरे को मिटाने, अभी तो सूरज उगा है।₹

आज सूरदास कोलंबिया में, मीरा अमेरिका के कई बड़े विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही हैं। जायसी पढ़ाए जा रहे हैं। हिन्दी का अर्थ ही नहीं शब्द-शब्द श्लोक है। जो बोलते ही सूखे गेहूँ के दाने सा खनकता है। हिन्दी के निकट बैठकर महात्मा गांधी दिखाई देने लगते हैं अर्थात हर गरीब मन का दर्द जहां नव गीत में ढ़लने लगे वह हमारी भाषा है हिंदी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का निरंतर प्रयास रहा है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था भारतीय भाषाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय प्रतिभा की शक्ति के अनुरूप आगे बढ़े। लंबे समय तक अंग्रेजी को उच्च शिक्षा और विशेषकर चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा का प्रमुख माध्यम माना जाता रहा। इसका परिणाम यह हुआ कि ग्रामीण, गरीब, किसान और सामान्य परिवारों से आने वाले अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा तक पहुंच का मार्ग अपेक्षाकृत कठिन बना रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में भारतीय भाषाओं के महत्व को नई दिशा दी। यह केवल भाषा परिवर्तन का विषय नहीं है बल्कि यह शिक्षा को अधिक समावेशी, सहज और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की व्यापक सोच का हिस्सा बना। प्रधानमंत्री जी के इसी संकल्प को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल की। मुझे इस बात का गर्व है कि चिकित्सा शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य करते हुए हम मध्यप्रदेश का नाम उस ऐतिहासिक उपलब्धि से जोडने में सफल रहे, जब मध्यप्रदेश ने हिन्दी माध्यम में एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ करने वाला देश का पहला राज्य होने का गौरव हासिल किया।

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कारोबार में नयापन लाने का प्रयास करेंगे, जिसमें आपको बहुत लाभ होगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपकी आय में इज़ाफ़ा होगा। इस राशि के छात्र आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए बड़े शहर जा सकते हैं। आज आप ज़मीन–जायदाद से जुड़े काम को पूरा कर लेंगे। आज आप दोस्तों के साथ शाम को अच्छे से एंजॉय करेंगे, आपको खुशी मिलेगी।

### वृष राशि:

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको रोज×गार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, जो आपके तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेंगे। आज ऑफिस में आपको प्रमोशन मिलने की ख़ुशी में घर पर पार्टी होगी। आज आप अधिक सोचने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको कर्ज़ से छुटकारा मिलेगा। इस राशि के सिविल इंजीनियर आज किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे, जिसका काम जल्द ही कम्पलीट हो जाएगा।

### मिथुन राशि:

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पारिवारिक ज़रूरतों को पूरा करने में सफल रहेंगे, सभी आपकी तारीफ़ करेंगे और दांपत्य जीवन में सुख–सौहार्द की बढ़ोतरी होगी। आज आपके काम की तारीफ होगी और आपको किसी बड़ी कंपनी से ऑफर मिल सकता है। आज आप बच्चों के भविष्य से जुड़े कुछ अहम फैसले लेंगे, जिससे उनका जीवन सहज और सुरक्षित हो सके। आज आपकी आय में इज़ाफ़ा होगा, जिससे परिवार में ख़ुशियाँ आएँगी।

### कर्क राशि:

आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप बिजऩेस के मामले में किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं, जिससे आपको फ़ायदा मिलेगा। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज सामाजिक क्षेत्र में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। आज आपको संतान पक्ष से बड़ी खुशख़बरी मिल सकती है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बनेगा।

### सिंह राशि:

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आप किसी कोर्स को करने के लिए किसी शिक्षक की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका कन्फ्यूजऩ दूर होगा। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मज़बूती आएगी, आज आप मनचाही वस्तु ले सकते हैं। आज आप सरकारी कार्यों में किसी करीबी की मदद कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज़ से आज आपका दिन बेहतर रहेगा।

### कन्या राशि:

आज का दिन आपके लिए मिला–जुला रहेगा। आज आप ज़रूरी कार्यों को पहले निपटाने की कोशिश करें, सतर्कता से हर कार्य करना आज जरूरी है। आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्यक्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाक़ात हो सकती है और उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा। आज आप जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं।

### तुला राशि:

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में इज़ाफ़ा होगा और किसी बड़े पद की प्राप्ति होगी। आज पारिवारिक सुख–समृद्धि में वृद्धि होगी, परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनाएंगे, लेकिन अपनी ज़रूरत का सामान रखना न भूलें। आज आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा तथा स्वास्थ्य के नजरिये से दिन ऊर्जा से भरा रहेगा।

### वृश्चिक राशि:

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे और आपके मनोबल में वृद्धि होगी। हालांकि सतर्कता आज कार्य क्षेत्र में आपको बरतनी होगी। आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी तथा व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी और नए क्लाइंट से जुडऩे का मौका मिलेगा। आज आप शाम का समय दोस्तों के साथ अच्छे से एंजॉय करेंगे। आज अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं।

### धनु राशि:

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को सफल बनाने का प्रयास करेंगे, जिसमें सहकर्मी आपका पूरा साथ देंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ बात कर सकते हैं। आज आपको घर के बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपके अधिकतर काम बनेंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। आज नई–नई चीज़ों की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा, आप खरीदारी करने का मन बनाएंगे।

### मकर राशि:

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज आप अपने ऑफिस को दूसरी जगह शिफ्ट करने का मन बना सकते हैं, लेकिन उससे पहले आप जगह का परीक्षण कर लें। आज बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज आप किसी भी काम में जल्दबाज़ी करने से बचें, आज आपको ध्यान से काम करने की आवश्यकता है।

### कुम्भ राशि:

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनके माध्यम से आप तरक्की करेंगे। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है, लेकिन आप इसे बखूबी निभाएंगे। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें और उस पर अमल करने का प्रयास करें। आज आपके व्यापार में पहले से बेहतर अनुकूलता रहेगी और कस्टमर के साथ आपके रिश्ते अच्छे होंगे।

### मीन राशि:

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज ऑफिस में कर्मचारी मन लगाकर काम करेंगे, लेकिन बॉस होने के नाते आपको सबके प्रति स्नेहपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। आज आप समझदारी से बातों को समझेंगे और उसी अनुरूप अपने काम को आगे बढ़ाएंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रशस्त होंगे और कुछ जानकार व्यक्तियों से आपकी जान–पहचान बढ़ेगी। आज कुछ ख़ास लोगों से आपकी बात होगी, जिनसे भविष्य में आपको फ़ायदा होगा। वकीलों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

## सू- दोकू क्र.160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.159 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -160

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 159 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## संक्षिप्त समाचार

### देसूरी ब्लाक में मिशन मानस के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार को लेकर कार्यशाला आयोजित




**चमकता राजस्थान** पाली - देसूरी ब्लाक में मिशन मानस के तहत शिक्षा में गुणात्मक सुधार को लेकर मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी लालाराम प्रजापत, अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली व नारायण लाल हिंगड़ के सानिध्य में निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुड़ा जाटान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कक्षा 10व 12को पढ़ाने वाले विषय विशेषज्ञों का आमुखीकरण किया गया।

प्रधानाचार्य गुड़ा जाटान उम्मेद राम पालीवाल ने बताया कि सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला में ऐसीबीईओ द्वितीय नारायण लाल हिंगड़ ने मिशन मानस की जानकारी दी।ऐसीबीईओ प्रथम विजयसिंह माली ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु ब्लाक की योजना रखी तथा बोर्ड कक्षाओं के लिए नमूने के प्रश्नपत्र व प्रश्नबैंक तैयार करने को लेकर चर्चा की।माली ने परख टेक्सोनोमी पर आधारित संतुलित प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए प्रश्नपत्र निर्माण के आधारभूत सिद्धांतों,मूल्यांकन की अवधारणा,ब्ल्यू प्रिंट,प्रश्नपत्र निर्माण का आधार,रुब्रिक्स, करणीय व अकरणीय की जानकारी दी।संभागियों ने ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्नपत्र तैयार करने का अभ्यास किया।मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी लाला राम प्रजापत ने मिशन मानस के बारे में फीडबैक लिया तथा शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।प्रजापत ने मिशन मानस को लेकर संभागियो की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यशाला का संचालन जैलेश चौधरी ने किया।इस कार्यशाला में शंकरलाल माली, कन्हैया लाल,मोहनलाल जाट,लक्ष्मण सिंह सोलंकी,हेमंत कुमार गर्ग सहित देसूरी ब्लाक के कक्षा 10व 12के विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।मुख्तियार खान शेख ,नारायण लाल व रणजीत सिंह ने कार्यशाला की व्यवस्थाएं संभाली।

उल्लेखनीय है कि मिशन मानस जिला कलेक्टर पाली का अभिनव नवाचार है जो पाली जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में चलाया जा रहा है इसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

### सांसद नरेश म्हस्के की उपस्थिति में नवी मुंबई में छठा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

- 6 हजार से अधिक हिंदी सेवकों की मौजूदगी; केंद्रीय मंत्री अमितभाई शाह के हाथों राजभाषा कीर्ति और गौरव पुरस्कार प्रदान



**चमकता राजस्थान** नवी मुंबई : हिंदी दिवस 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का भव्य आयोजन नवी मुंबई स्थित सिडको एक्जिबिशन सेंटर में किया गया। 14 और 15 सितंबर को आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर से 6 हजार से अधिक हिंदी सेवकों ने सहभागिता की। स्थानीय सांसद के रूप में नरेश म्हस्के ने केंद्रीय मंत्री अमितभाई शाह का नवी मुंबई में स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान हिंदी भाषा, राजभाषा नीति, सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग तथा हिंदी भाषा के संवर्धन से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक एवं विचार-मंथन सत्रों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमितभाई शाह के हाथों राजभाषा नीति के उत्कृष्ट क्रियान्वयन तथा राजभाषा के उपयोग में उल्लेखनीय प्रगति करने वाले कार्यालयों को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' प्रदान किए गए। वहीं हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन करने वाले लेखकों को 'राजभाषा गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक गीत को 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इसके गौरव को समर्पित विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन भी किया गया। आम नागरिकों और युवाओं को हिंदी भाषा का बेहतर ज्ञान प्राप्त हो तथा हिंदी शब्द-संपदा को समझने में सुविधा हो, इसके लिए हिंदी शब्दकोश का प्रकाशन भी अमितभाई शाह के हाथों किया गया।

# सिद्धिविनायक मंदिर में सजा भव्य मेला, भजनों पर झूमे श्रद्धालु, खोडा गणेश के लिए निकली पदयात्रा

## गणेश चतुर्थी पर गढ़ी वाली पहाड़ी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर श्रीनगर । गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को श्रीनगर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में आस्था और उल्लास का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कस्बे से खोडा गणेश मंदिर के लिए पदयात्रा भी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए शामिल हुए।

भादवा मास की गणेश चतुर्थी पर गढ़ी वाली पहाड़ी स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में गणेशजी का मेला धूमधाम से आयोजित हुआ। मंदिर में विराजित गणेशजी की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा पूरे मंदिर परिसर को फूलमालाओं और विद्युत सजावट से सजाया गया। सुबह मंदिर में चल रहे दो दिवसीय रामायण पाठ का समापन हुआ।

खेड़ा चौराहा से श्रद्धालु ढोल-ढमाकों के साथ हाथों में ध्वज लेकर मंदिर पहुंचे। दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा। शाम होते ही मेले में रौनक बढ़ गई। भजन गायकों ने गणेशजी के भजनों



की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंदिर परिसर में महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर भगवान गणेश को रिझाया। मेले में मिठाई, चाट-पकौड़ी, खिलौनों सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजीं। महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। रात आठ बजे बाद मेला पूरे परवान पर पहुंच गया। महाआरती के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने गणेशजी को लड्डू, नारियल सहित प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थापित मूषक के कान में अपनी मनोकामना भी कही।

- **सुबह मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

गणेश चतुर्थी पर सुबह सिद्धिविनायक मंदिर तथा अजमेर रोड स्थित बावड़ी वाले गणेश मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने गणेशजी के जयकारे लगाकर लड्डुओं का भोग लगाया। क्षेत्रवासियों ने खोडा गणेश मंदिर पहुंचकर भी पूजा-अर्चना की।

- **अजमेरी गेट और रामलीला रंगमंच पर भी आयोजन**

अजमेरी गेट पर स्थापित गणेशजी की प्रतिमा का सनराइज क्लब की ओर से विशेष श्रृंगार किया गया। गेट पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई। वहीं बस स्टैंड स्थित रामलीला रंगमंच पर गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई। पंडित विष्णु प्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवाई।

## स्टेशन का नाम 'सलूंबर सिटी' करने का प्रस्ताव, रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर रेल मंत्रालय को पत्र


### मोहनलाल जैन कावा ने जयसमंद रोड रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करने की मांग उठाई

चमकता राजस्थान

मुंबई : मुंबई राजस्थान परिवहन सेवा संघर्ष समिति के संयोजक एवं भाजपा नेता मोहनलाल जैन कावा ने जयसमंद रोड रेलवे स्टेशन के विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर राजस्थान सरकार, रेल मंत्रालय तथा क्षेत्रीय सांसदों को पत्र भेजकर विभिन्न मांगें उठाई हैं।

पत्र में जयसमंद रोड रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने तथा सलूंबर को जिला घोषित किए जाने के बाद स्टेशन का नाम बदलकर 'सलूंबर





भारतीय जनता पार्टी
मोहनलाल जैन (कावा)
उपाध्यक्ष : राजस्थान सेल भाजपा मुं... संयोजक मुंबई राजस्थान परिवहन सेवा संघर्ष समिति
पत्ता : ऑफिस नं. ३०, १ला माळा, कलश को. ऑप. हाऊसिंग सोसायटी, काकासाहेब गाडगीळ नाका, दादर (प), मुंबई - ४०० ०२८. फोन : ९८६१०३०१८७ ईमेल : financekawa01@gmail.com

१) जयसंमद रोड स्टेशन को अमृत भारत योजना में सम्मिलित किया जाय, सरकार द्वारा सलूम्बर को जिला घोषित करने पर मुख्य स्टेशन बनाया जाए। साथ ही साथ इस स्टेशन को A श्रेणी क्रॉसिंग स्टेशन किया जाए।
२) जयसंमद रोड स्टेशन को नया नाम (सलूम्बर सीटी) के नाम से घोषित किया जाए। अगर वित्तीय दृष्टी से देखा जाय २०२४ से २०२५ इस स्टेशन की वार्षिक राजस्व १४.६ लाख में है। जो की अन्य स्टेशनों की तुलना मे यह स्टेशन तिसरा क्रमांक पर आता है।
३) सप्ताह में ३ बार चलने वाली बांद्रा उदयपूर ट्रेन संख्या २२९०१ को दादर (पश्चिम) से अहमदाबा, डुंगरपुर, जयसमंद रोड, मावली, चितोडगढ अथवा भिलवाडा तक प्रतिदिन चलाई जाए। ताकि समय तथा पैसे की बचत हो। इस मार्ग पर एक से अधिक ट्रेन संचालित करने की विनंती।
४) गुजरात मेल क्रमांक १२९०१ को अहमदाबाद आगे उदयपूर नाथद्वारा तक विस्तार किया जाए।
५) जयसंमद रेल्वे स्टेशनरी मेवाड क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोधर महाराणा प्रताप की राजधानी चावंड तथा मानव निर्मित विश्व प्रसिध्द जयसमंद झील है। जो पर्यटक के लिए मुख्य आकर्षण केंद्र बिन्दू बना हुआ है। देश विदेश से हजारो यात्री पर्यटक केशरीयाजी दर्शन के लिए इस स्टेशन पर उतरते है।
६) यात्री भार को देखते हुए पार्किंग एवं सक्युलटिंग एरीया का विस्तार किया जाए, प्लॅटफॉर्म पर स्टॉल की सुविधा हेतू निविदा आमंत्रित किया जाए।
अतः आपसे निवेदन है उक्त मांगो को पुरा करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश देने का श्रम करावे।

९८६१०३०१८७
आपका
मोहनलाल जैन कावा
संयोजक
मुंबई राजस्थान परिवहन सेवा संघर्ष समिती.
२

सिटी' किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है।

पत्र में स्टेशन के वित्तीय महत्व का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि वर्ष 2024-25 में जयसमंद रोड रेलवे स्टेशन की वार्षिक आय करीब 14.6 लाख रुपये रही है। समिति का कहना है कि स्टेशन के विकास से क्षेत्र के यात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।


- **रेल सेवाओं के विस्तार की मांग**

समिति ने उदयपुर-दादर पश्चिम की बांद्रा-उदयपुर ट्रेन संख्या 22901 को सप्ताह में तीन दिन चलाने तथा इसके परिचालन का विस्तार अहमदाबाद, डूंगरपुर, जयसमंद रोड, मावली, चित्तौड़गढ़ अथवा भीलवाड़ा तक प्रतिदिन किए जाने की मांग रखी है।

## जाजनी मे बाबा रामदेव जयंती मनाई शोभा यात्रा निकाली

चमकता राजस्थान

गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़ पगारिया क्षेत्र के गांव जाजनी मे मेघवाल युवा शक्ति संगठन ने रविवार को लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती पर शोभायात्रा निकाली यात्रा गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे गांव हर गली हर मोहल्ले से होते हुए वापस मंदिर पहुंची मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हेमन्त बैरवा बैरवा एस सी प्रकोष्ठ झालावाड़ ने बाबा रामदेव जन्मोत्सव के अवसर में पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हेमन्त बैरवा बैरवा का जाजनी बाबा रामदेव युवा कमेटी ने माला व साफ़ा पहनाकर



जोरदार स्वागत किया अध्यक्ष हेमन्त बैरवा ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है की हमें 10 से अधिक गांव में जाकर दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ शोभा यात्रा में सम्मिलित लोगों का जगह-जगह चाय पानी फल आदि की व्यवस्था की गई शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचकर महा आरती कर प्रसादी वितरण की।

## रानी खुर्द नगरपालिका में कांग्रेस 8, भाजपा 7, बागी व निर्दलीय 5

- सभापति पद पर सबकी नजर, बोर्ड बनाने में निर्दलीय निभाएंगे निर्णायक भूमिका
- दो वार्डो बड़ा उलटफेर



**चमकता राजस्थान** रानी। रानी खुर्द नगरपालिका चुनाव की मतगणना मंगलवार को रानी पंचायत समिति सभागार में सुबह 8 बजे शुरू हुई। दोपहर तक सभी 20 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव में 77 प्रत्याशी मैदान में थे। 9 सितंबर को हुए मतदान में 76.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। परिणामों में कांग्रेस को 8, भाजपा को 7 तथा बागी व निर्दलीय प्रत्याशियों को 5 सीटें मिलीं। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से अब सभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

मतगणना में कई चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। भाजपा के कद्दावर नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा। वार्ड 2 में भाजपा से बागी जयसिंह सिसोदिया ने 49 मतों से जीत दर्ज कर पूर्व अध्यक्ष घीसूलाल चौधरी को हराया। वार्ड 5 में कांग्रेस के विपिन कच्छवाहा ने भाजपा के निवर्तमान उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा को 49 मतों से हराया। वार्ड 6 में भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत ने मात्र 3 मतों से जीत दर्ज की।

वार्ड 1 से कांग्रेस के राकेश कुमार भील 65 मतों से, वार्ड 3 से भाजपा की कैलाश कंवर 125 मतों से तथा वार्ड 4 से कांग्रेस के सुरेश कुमार 24 मतों से विजयी रहे। वार्ड 7 से कांग्रेस के मोहम्मद अकरम ने लगातार दूसरी बार 79 मतों से जीत दर्ज की। वार्ड 8 से भाजपा के रघुदत्त गौतम 108 मतों से तथा वार्ड 9 से कांग्रेस की कमला राजपुरोहित 83 मतों से विजयी रहीं।

वार्ड 10 से निर्दलीय सुरेन्द्र सिसोदिया 44 मतों से, वार्ड 11 से निर्दलीय शैलू अग्रवाल 19 मतों से तथा वार्ड 12 से कांग्रेस के मोहम्मद इलियास चढ़वा 35 मतों से जीते। वार्ड 13 में भाजपा के बाबूलाल भाट ने कांग्रेस के मीठालाल भाट को 170 मतों से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वार्ड 14 में बागी निर्दलीय गीता बंजारा 57 मतों से तथा वार्ड 15 में भाजपा से बागी छगनलाल माली 20 मतों से विजयी रहे।

वार्ड 16 से भाजपा के भरत जैन बोराणा 14 मतों से, वार्ड 17 से अशोक माली 39 मतों से तथा वार्ड 18 से भाजपा की प्रिया अग्रवाल 39 मतों से जीतीं। वार्ड 19 से कांग्रेस की गीता रागी 145 मतों से तथा वार्ड 20 से कांग्रेस के सुनील बाबू बैरवा 174 मतों से विजयी रहे।

सभापति पद ओबीसी ओपन आरक्षित होने के कारण अब बोर्ड बनाने के लिए जोड़तोड़ तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही बहुमत के लिए निर्दलीय व बागी पार्षदों के संपर्क में हैं। ऐसे में रानी खुर्द नगरपालिका में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। आने वाले दिनों में किस दल का बोर्ड बनेगा, इस पर सबकी नजर रहेगी।

## बाबा रामदेव के जयकारों के साथ संतोड़ा से रामदेवरा रवाना हुआ 12वीं पैदल यात्रा संघ



**चमकता राजस्थान** राजू भाई सागासनी, ब्यूरो चीफ जोधपुर,जोधपुर/ उटाम्बर लोकदेवता बाबा रामदेवजी के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए संतोड़ा गांव से सोमवार को 12वीं पैदल यात्रा संघ रामदेवरा के लिए रवाना हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र एवं परिवार में सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।

विशनाराम प्रजापत ने बताया कि यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का माहौल रहा। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने पैदल यात्रियों का स्वागत कर उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। बाबा रामदेवजी के जयकारों के साथ यात्रा संघ रामदेवरा की ओर रवाना हुआ।

यात्रियों ने बताया कि वे प्रतिवर्ष बाबा रामदेवजी के दर्शन के लिए पैदल रामदेवरा जाते हैं। यह 12वीं पैदल यात्रा श्रद्धा, आस्था और भाईचारे का प्रतीक है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु बाबा रामदेवजी के भजनों और जयकारों के साथ रामदेवरा की ओर बढ़ेंगे।

# बावड़ी बालाजी मंदिर पर होगा पड़ाव, झांकी के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु; पदयात्रियों का माला पहनाकर किया स्वागत

## श्री देवनारायण की झांकी के साथ निकली विशाल पदयात्रा, श्रीनगर में आज रात्रि विश्राम







चमत्कार राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर श्रीनगर बावड़ी भगवान श्री देवनारायण की आस्था और भक्ति से ओतप्रोत 19वीं विशाल पदयात्रा रविवार को श्रीनगर पहुंची। यात्रा में शामिल भगवान श्री देवनारायण की आकर्षक झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पदयात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया नंदा गुर्जर, भेरू गुर्जर, सभी गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहेऔर भगवान श्री देवनारायण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्रीनगर पहुंचने पर बावड़ी गुर्जर समाज की ओर से यात्रा में शामिल करीब 20 ध्वजवाहकों को नारियल भेंट कर एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का रविवार को श्रीनगर स्थित बावड़ी बालाजी मंदिर पर रात्रि विश्राम रहेगा। गुर्जर समाज की ओर से सभी पदयात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता ऊकार गुर्जर ने बताया कि पदयात्रा में हरियाणा के नांगल चौधरी सहित राजस्थान के जयपुर, अजमेर, टोंक, दौसा, सवाई माधोपुर, अलवर और भरतपुर जिलों के करीब 1200 पदयात्री शामिल हैं।

ध्वज, झांकी और भगवान के जयकारों के साथ आगे बढ़ रही यात्रा का मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की ओर से स्वागत किया जा रहा है।

- **17 सितंबर को मालासेरी डूंगरी पहुंचेगी यात्रा**

श्री देवनारायण पदयात्रा मित्र मंडल समिति, भोपाकी की ढाणी, बेगस एवं रामसिंहपुरा (जयपुर) के तत्वावधान में आयोजित यह पदयात्रा 11 से 17 सितंबर तक निकाली जा रही है। यात्रा संचालक भोजाराम गुर्जर सांगानेर ने बताया कि पदयात्रा 17 सितंबर को सवाई माधोपुर स्थित मालासेरी डूंगरी सवाई भोज पहुंचेगी।

- **यह रहेगा आगामी यात्रा कार्यक्रम**

- 14 सितंबरः दोपहर में बांदनवाड़ा पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम बाफना तीर्थ, विजयनगर में।
- 15 सितंबरः रूपाहली चौराहा पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम ऊखलिया में।
- 16 सितंबरः तांबेश्वर बालाजी मंदिर, आमेसर पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम आसींद स्थित देवनारायण मंदिर में।
- 17 सितंबरः मालासेरी डूंगरी, सवाई भोज पहुंचकर यात्रा का समापन।

# सातों नगर निकायों के चुनाव परिणाम किए घोषित

चमकता राजस्थान

धौलपुर संवाददाता : रामदास तरुण धौलपुर। सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बाड़ी रोड धौलपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई मतगणना में नगर परिषद धौलपुर के 60 वार्डों में से 27 में इण्डियन नेशनल कांग्रेस, 11 में भारतीय जनता पार्टी, 3 में बहुजन समाज पार्टी एवं 19 वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज कराई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि नगर परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 1 से कांग्रेस के श्रीभगवान शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के अनुराग शर्मा को 293 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से निर्दलीय आकाश ने कांग्रेस के अजय कुमार को 118 मतों से, वार्ड नम्बर 3 से भाजपा के विजेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के धर्मेन्द्र को 15 मतों से, वार्ड नम्बर 4 से कांग्रेस के लोकेन्द्र कुमार ने निर्दलीय विमल कुमार को 35 मतों से, वार्ड नम्बर 5 से निर्दलीय प्रीति ने भाजपा की मधु को 75 मतो से, वार्ड नम्बर 6 से कांग्रेस के सुमित रावत ने निर्देलीय इन्द्रपाल को 119 मतों से, वार्ड नम्बर 7 से भाजपा के जितेन्द्र सिंह ने निर्दलीय अंजु को 99 मतों से, वार्ड नम्बर 8 से कांग्रेस के आकाश कुशवाह ने निर्दलीय बहादुर को 10 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से भाजपा के राजेश कुमार शर्मा ने निर्दलीय दिनेश कुमार को 159 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से निर्दलीय राकेश कुमार ने बसपा के मनोहर सिंह को 128 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से भाजपा के संजय कुमार ने कांग्रेस के गुलजारी को 255 मतो से, वार्ड नम्बर 12 से भाजपा के अजीत सिंह राना ने कांग्रेस के रजत को 426 मतों से, वार्ड नम्बर 13 से भाजपा के शैलेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के विवेक शर्मा को 181 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से भाजपा के राहुल सिंह ने निर्दलीय संतोष कुमार को 234 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से निर्दलीय पूजा तौमर ने कांग्रेस की नेहा को 174 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से कांग्रेस के भागीरथ ने निर्दलीय यश शर्मा को 185 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से कांग्रेस की सीमा ने निर्दलीय महेश यादव को 655 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से निर्दलीय सुमित्रा ने कांग्रेस की बबीता को 138 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से भाजपा की सोनाली ने कांग्रेस की प्रियंका सिंह को 301 मतों से, वार्ड नम्बर 20 से कांग्रेस की रिहाना ने निर्दलीय लालवती को 56 मतों से, वार्ड नम्बर 21 से निर्दलीय मुन्नी ने निर्दलीय राधिका को 85 मतों से, वार्ड नम्बर 22 से निर्दलीय महेन्द्र ने बसपा के कमल सिंह को 72 मतों से, वार्ड नम्बर 23 से कांग्रेस के आमिर उसमानी ने निर्दलीय आजाद खा को 122 मतों से, वार्ड नम्बर 24 से कांग्रेस के सद्दाम ने आम आदमी पार्टी के साहिल को 497 मतों से, वार्ड नम्बर 25 निर्दलीय पूनम विजय ने कांग्रेस की मिथलेश को 15 मतों से, वार्ड नम्बर 26 से निर्दलीय कल्पना शर्मा ने निर्दलीय गुल्फसा को 76 मतों से, वार्ड नम्बर 27 से निर्दलीय शाहरूख खान ने कांग्रेस के अनिल को 114 मतों से, वार्ड नम्बर 28 से कांग्रेस के सराफत ने निर्दलीय जयंत शर्मा को 256 मतों से, वार्ड नम्बर 29 से कांग्रेस के विष्णु माहौर ने निर्दलीय रमेश को 500 मतों से, वार्ड नम्बर 30 से कांग्रेस के आनन्द ने निर्दलीय अरशद अली को 58 मतों से, वार्ड नम्बर 31 से भाजपा के इमरान कुरैशी ने निर्दलीय संजीव को 119 मतों से, वार्ड नम्बर 32 से कांग्रेस के अंकित ने निर्दलीय ऊदल सिंह को 584 मतों से, वार्ड नम्बर 33 से भाजपा के महेश ने बसपा के सुधीर माहौर को 31 मतों से, वार्ड नम्बर 34 से बसपा के सुभाष चन्द ने भाजपा के विवेक कुमार को 55 मतों से, वार्ड नम्बर 35 से निर्दलीय रेखा ने कांग्रेस की रीना देवी को 1 मत से, वार्ड नम्बर 36 से कांग्रेस की रेखा शर्मा ने भाजपा की मोनिका को 186 मतों से, वार्ड नम्बर 37 से निर्दलीय रामेश्वरी ने भाजपा की गिरीजा को 29 मतों से, वार्ड नम्बर 38 से कांग्रेस के जितेन्द्र कंषाना ने भाजपा के अकील अहमद को 417 मतों से, वार्ड नम्बर 39 से कांग्रेस की सीमा ने भाजपा की गुंजन शर्मा को 50 मतों से, वार्ड नम्बर 40 से कांग्रेस के अतुल ने निर्दलीय बल्लू खा को 243 मतों से, वार्ड नम्बर 41 से कांग्रेस के अनीस खा ने भाजपा के अमन अहमद को 323 मतों से, वार्ड नम्बर 42 से कांग्रेस की साजिया ने आम आदमी पार्टी की शहजादी बेगम को 208 मतों से, वार्ड नम्बर 43 से निर्दलीय निशांत ने कांग्रेस के नारायण सिंह को 95 मतों से, वार्ड नम्बर 44 से कांग्रेस के भूपसिंह ने भाजपा के अर्जुन डागौर को 146 मतों से, वार्ड नम्बर 45 से कांग्रेस के गिर्राज ने भाजपा के जंवर सिंह को 25 मतों से, वार्ड नम्बर 46 से निर्दलीय विजय राजपूत ने कांग्रेस के किशोर कुमार को 102 मतों से, वार्ड नम्बर 47 से निर्दलीय सरोज देवी ने निर्दलीय विमला देवी को 331 मतों से, वार्ड नम्बर 48 से भाजपा के करण कुमार ने निर्दलीय प्रशान्त धनुक को 121 मतों से, वार्ड नम्बर 49 से कांग्रेस की सानिया खान ने भाजपा की राजराजेश्वरी को 273 मतों से, वार्ड नम्बर 50 से कांग्रेस की ज्योत्सना गुर्जर ने भाजपा की सुरभी यादव को 219 मतों से, वार्ड नम्बर 51 से कांग्रेस की राधा ने निर्दलीय किरनवाला को 381 मतों से, वार्ड नम्बर 52 से निर्दलीय नरेन्द्र कुमार ने भाजपा के उदित हुण्डावाल को 69 मतों से, वार्ड नम्बर 53 से निर्दलीय शकीला ने भाजपा की शमादेवी को 32 मतों से, वार्ड नम्बर 54 से बसपा की उमा बघेला ने कांग्रेस की रूबी यादव को 273 मतों से, वार्ड नम्बर 55 से कांग्रेस की प्रीति ने निर्दलीय कमलेश को 166 मतों से, वार्ड नम्बर 56 से कांग्रेस के जनक सिंह ने बसपा के मनीष राजपूत को 92 मतों से, वार्ड नम्बर 57 से निर्दलीय कमलजीत सिंह ने भाजपा के नरेन्द्र सिंह को 155 मतों से, वार्ड नम्बर 58 से बसपा के सलमान खान ने भाजपा के रविकांत को 32 मतों से, वार्ड नम्बर 59 से कांग्रेस के सत्यदेव कंषाना ने निर्दलीय उमाशंकर को 63 मतों से तथा वार्ड नम्बर 60 से निर्दलीय शिवसिंह ने कांग्रेस के यशवीर को 35 मतों से हराया।

मतगणना के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक अरूण प्रकाश शर्मा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाऐ गये जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष से मतगणना और सुरक्षा व्यवस्था का फीड बैक लिया।

**● नगर पालिका मनियां का यह रहा परिणाम-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका मनियां में 20 वार्डो में से कांग्रेस ने 13 सीटों पर, भाजपा ने 4 सीटों पर तथा निर्दलीय ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका मनियां के वार्ड नम्बर 1 से कांग्रेस के सरनाम सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के रविन्द्र कुमार को 124 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से कांग्रेस की सपना ने भाजपा के कु. नन्दनी को 120 मतों से, वार्ड नम्बर 3 से कांग्रेस की प्रीति ने निर्दलीय राजकुमारी को 110 मतों से, वार्ड नंबर 4 से निर्दलीय वीरेन्द्र ने कांग्रेस के दिनेश कुमार को 43 मतों से, वार्ड नंबर 5 से भाजपा की खुशबू शर्मा ने कांग्रेस की रेखा शर्मा को 38 मतों से, वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस के सतीश चन्द्र ने भाजपा के वसुदेव को 15 मतों से, वार्ड नंबर 7 से भाजपा के सुनील कुमार ने कांग्रेस के उमेश चन्द को 191 मतों से, वार्ड नंबर 8 से कांग्रेस के अजय पाल एवं भाजपा के इन्द्रजीत को समान मत मिलें लॉटरी द्वारा कांग्रेस के अजय पाल को विजयी घोषित किया, वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की गुंजन बंसल ने भाजपा की लक्ष्मी को 226 मतों से, वार्ड नंबर 10 से भाजपा की मोहिनी ने कांग्रेस की स्वैच्छा को 101 मतों से, वार्ड नंबर 11 से कांग्रेस के ब्रजेश कुमार ने भाजपा के सुनहरी को 223 मतों से, वार्ड नंबर 12 से कांग्रेस के मौहम्मद साकिर ने भाजपा के राजकुमार को 102 मतों से, वार्ड नंबर 13 से निर्दलीय जुगनू ने कांग्रेस के राकेश कुमार को 53 मतों से, वार्ड नंबर 14 से कांग्रेस के विजेन्द्र ने निर्दलीय देवेन्द्र को 65 मतों से, वार्ड नंबर 15 से कांग्रेस के पवन कुमार ने भाजपा के कीरतराम को 74 मतों से, वार्ड नंबर 16 से भाजपा के एदल सिंह ने कांग्रेस के पवन कुमार को 62 मतों से, वार्ड नंबर 17 से कांग्रेस की गौरा देवी ने निर्दलीय सरोज कुमारी को 111 मतों से, वार्ड नंबर 18 से कांग्रेस के पंकज कुमार ने भाजपा के श्यामसुन्दर को 118 मतों से, वार्ड नंबर 19 से निर्दलीय गोपाल सिंह ने कांग्रेस के कृष्णकान्त को 14 मतों से तथा वार्ड नंबर 20 से कांग्रेस की शीला ने भाजपा की कुसुम त्यागी को 35 मतों से हराया।

**● नगर पालिका बाड़ी का यह रहा परिणाम-**

उन्होंने बताया कि नगर पालिका बाड़ी में 45 वार्डो में से कांग्रेस ने 21 सीटों पर, भाजपा ने 8 सीटों पर जिसमें 1 निर्विरोध निर्वाचित सीट सम्मिलित, बसपा ने 2 तथा निर्दलीय ने 14 सीटों पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका बाड़ी के वार्ड नम्बर 1 से भाजपा की सोनिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी कांग्रेस की मायावती को 257 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से निर्दलीय मुन्नी ने कांग्रेस की पूरन देवी को 111 मतों से, वार्ड नम्बर 3 में कांग्रेस की अंजुम ने निर्दलीय आयशा बेगम को 138 मतों से, वार्ड नम्बर 4 से कांग्रेस की शरीफन बानो ने निर्दलीय हजरा बेगम को 97 मतों से, वार्ड नम्बर 5 से कांग्रेस के इस्माइल ने निर्दलीय बॉबी को 7 मतों से, वार्ड नम्बर 6 से कांग्रेस की सायरा ने भाजपा की वसीमा को 80 मतों से, वार्ड नम्बर 7 से निर्दलीय महेश कुमार ने कांग्रेस के बालकिशन गर्ग को 54 मतों से, वार्ड नम्बर 8 से कांग्रेस के राजेश ने बसपा के रवि कुमार कोली को 217 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से कांग्रेस की ललितेश ने भाजपा की मधु को 102 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से भाजपा की गायत्री देवी ने कांग्रेस की सरोज देवी को 15 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से कांग्रेस के मनोज प्रजापति ने निर्दलीय नूरमौहम्मद को 323 मतों से, वार्ड नम्बर 12 में बसपा के बनवारी लाल ने कांग्रेस के अमर सिंह को 13 मतों से, वार्ड नम्बर 13 से बसपा के वीरसिंह ने कांग्रेस के बचनसिंह को 397 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से कांग्रेस की रेनू सिंघल ने बसपा की हिना को 123 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से कांग्रेस के राजकुमार ने बसपा के सब्बीर को 2 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से निर्दलीय हुमा ने निर्दलीय असलम कुरैशी को 288 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से कांग्रेस के प्रवीण कुमार ने निर्दलीय हरिओम मित्तल को 158 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से निर्दलीय अमर सिंह ने निर्दलीय बल्लू को 271 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से कांग्रेस के मनीष कुमार ओसवाल ने निर्दलीय नारायण लाल को 181 मतों से, वार्ड नम्बर 20 में निर्दलीय शिवकुमारी ने बसपा की संगीता देवी को 114 मतों से, वार्ड नम्बर 21 से भाजपा के राजकुमार ने कांग्रेस के सोनू कुमार यादव को 299 मतों से, वार्ड नम्बर 22 में निर्दलीय सब्बीर खान ने कांग्रेस के परवेश खान को 194 मतों से, वार्ड नम्बर 23 निर्विरोध निर्वाचित, वार्ड नम्बर 24 से निर्दलीय सुनीता ने निर्दलीय विनेश शाक्य को 63 मतों से, वार्ड नम्बर 25 से निर्दलीय शिव दयाल समाधिया ने निर्दलीय सिद्धार्थ सोनू को 60 मतों से, वार्ड नम्बर 26 से कांग्रेस के आकाश यादव ने निर्दलीय मुन्नालाल को 105 मतों से, वार्ड नम्बर 27 से भाजपा की कुंजलता शर्मा ने कांग्रेस की बलजिन्द्र कौर को 453 मतों से, वार्ड नम्बर 28 से निर्दलीय संजय कुमार ने कांग्रेस के राजेश कुमार को 198 मतों से, वार्ड नम्बर 29 से भाजपा के गौरव कुमार मंगल ने कांग्रेस के विष्णु को 14 मतों से, वार्ड नम्बर 30 से कांग्रेस के मौहम्मद सहीउद्दीन ने निर्दलीय आसिफ को 59 मतों से, वार्ड नम्बर 31 से कांग्रेस के माजिद खान ने निर्दलीय अनिज खान को 11 मतों से, वार्ड नम्बर 32 से भाजपा की बैनजीर ने कांग्रेस की सलिहा कौसर को 18 मतों से, वार्ड नम्बर 33 से भाजपा के राकेश कुमार वर्मा ने कांग्रेस के गोविन्द को 76 मतों से, वार्ड नम्बर 34 से निर्दलीय विजय सिंह ने निर्दलीय राम कुमार को 3 मतों से, वार्ड नम्बर 35 से निर्दलीय मवसिया ने निर्दलीय चन्द्रभान को 216 मतों से, वार्ड नम्बर 36 से निर्दलीय मुन्नी देवी ने कांग्रेस की अनार देवी को 61 मतों से, वार्ड नम्बर 37 से कांग्रेस के नेमी सिंह ने निर्दलीय रामवीर सिंह को 116 मतों से, वार्ड नम्बर 38 से कांग्रेस के प्रयागराज कुशवाह ने भाजपा के राजकुमार कुशवाह को 254 मतों से, वार्ड नम्बर 39 से कांग्रेस की राजकुमारी ने निर्दलीय पूजा कुमारी को 129 मतों से, वार्ड नम्बर 40 से कांग्रेस के भीमसैन ने निर्दलीय श्रीगोपाल को 95 मतों से, वार्ड नम्बर 41 से कांग्रेस की लक्ष्मी कुशवाह ने भाजपा की भूरीदेवी को 106 मतों से, वार्ड नम्बर 42 से कांग्रेस के मनीष ने निर्दलीय देवेन्द्र कुमार को 14 मतों से, वार्ड नम्बर 43 से निर्दलीय ठाकुरदास कुशवाह ने भाजपा के अनिल कुमार को 27 मतों से, वार्ड नम्बर 44 से कांग्रेस के ईशाक ने निर्दलीय जिबरान को 142 मतों से तथा वार्ड नम्बर 45 से निर्दलीय मजीद खान ने निर्दलीय महावीर को 14 मतों से हराया। भाजपा के 1 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए है।

**● नगर पालिका बसेड़ी का यह रहा परिणाम-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका बसेड़ी में 25 वार्डो में से कांग्रेस ने 8 सीटों पर, भाजपा ने 8 सीटों पर तथा निर्दलीय ने 9 सीटों जिसमें 1 सीट पर निर्विरोध निर्वाचित सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका बसेड़ी के वार्ड नम्बर 1 से कांग्रेस के नाहर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा के रोहिन को 439 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से कांग्रेस के प्रशांत परमार ने निर्दलीय मंजेश को 127 मतों से, वार्ड नंबर 3 में निर्विरोध निर्वाचित हुआ, वार्ड नम्बर 4 से भाजपा के बलबीर सिंह ने कांग्रेस के राजेन्द्र को 97 मतों से, वार्ड नम्बर 5 से कांग्रेस की मुन्नी ने भाजपा की रेखा कुमार को 4 मतों से, वार्ड नम्बर 6 से कांग्रेस के भीम प्रकाश ने भाजपा के बॉबी को 48 मतों से, वार्ड नम्बर 7 से भाजपा की अनिता ने कांग्रेस की अनीता को 56 मतों से, वार्ड नम्बर 8 से निर्दलीय शिवानी सिकरवार ने भाजपा की सुनैना को 125 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से निर्दलीय राजू ने कांग्रेस के संजय कुमार को 261 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से कांग्रेस की प्रीति कुमारी ने भाजपा की संतो को 65 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से निर्दलीय निरंजन सिंह ने कांग्रेस के सीताराम कुशवाह को 25 मतों से, वार्ड नम्बर 12 से निर्दलीय राकेश ने कांग्रेस के देशराज को 29 मतों से, वार्ड नम्बर 13 से निर्दलीय हरिसिंह ने कांग्रेस की नीरज कुमार को 55 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से कांग्रेस की राजकुमारी ने भाजपा की कविता शर्मा को 133 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से कांग्रेस के अमित कुमार ने भाजपा के शत्रुधन को 16 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से कांग्रेस के पदम श्री ने भाजपा की देवी कुमारी को 115 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से निर्दलीय अंगूरी ने भाजपा की सावित्री को 25 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से भाजपा के राघवेन्द्र ने कांग्रेस के ज्ञानदीप को 8 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से भाजपा की मधु ने कांग्रेस की मंजू देवी को 72 मतों से, वार्ड नम्बर 20 से भाजपा के जगदीश गिरी ने निर्दलीय गोविन्द सोनी को 13 मतों से, वार्ड नम्बर 21 से भाजपा की खुशबू सिकरवार ने कांग्रेस की श्यामबेटी को 97 मतों से, वार्ड नम्बर 22 से भाजपा की राजेश कुमारी वर्मा ने कांग्रेस के रामकरण को 92 मतों से, वार्ड नम्बर 23 से निर्दलीय अश्वनी कुमार ने बसपा के अर्षित गर्ग को 33 मतों से, वार्ड नम्बर 24 से निर्दलीय प्रेमसिंह परमार ने कांग्रेस के निर्मल सिंह को 82 मतों से तथा वार्ड नम्बर 25 से भाजपा के पप्पू ने निर्दलीय हैदर खान को 65 मतों से हराया। निर्दलीय 1 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुआ।

**● नगर पालिका सरमथुरा का यह रहा परिणाम-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका सरमथुरा में 25 वार्डो में से कांग्रेस ने 15 सीटों जिसमें 1 निर्विरोध निर्वाचित सीट सम्मिलित, भाजपा ने 1 सीट पर तथा निर्दलीय ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका सरमथुरा के वार्ड नम्बर 1 से निर्दलीय जमुनादस ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी निर्दलीय आशाराम मीणा को 36 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से कांग्रेस की गुडडी ने निर्दलीय रेखा को 56 मतों से, वार्ड नम्बर 3 से कांग्रेस के रविन्द्र कुमार मौर्य ने भाजपा के रवि कुमार मौर्य को 52 मतों से, वार्ड नम्बर 4 से कांग्रेस की रामकला ने निर्दलीय तुलसी सोनी को 102 मतों से, कांग्रेस की गुल्फसा कुरैशी ने निर्दलीय वैष्णवी सोनी को 103 मतों से, वार्ड नम्बर 6 से निर्दलीय समा ने कांग्रेस के आकिल खान को 27 मतों से, वार्ड नम्बर 7 में निर्विरोध निर्वाचित हुआ, वार्ड नम्बर 8 से निर्दलीय भरत सिंह मीना ने कांग्रेस के रंजीत कशयप को 101 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से कांग्रेस की उर्मिला ने भाजपा की स्वरूपी को 35 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से निर्दलीय वंदना ने भाजपा की अनसुईया को 87 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से निर्दलीय सहनाज ने कांग्रेस के शाहरूख को 20 मतों से, वार्ड नम्बर 12 से कांग्रेस के शुभम गोयल ने निर्दलीय रमन कुमार जिंदल को 8 मतों से, वार्ड नम्बर 13 से निर्दलीय संजय कुमार ने कांग्रेस के रोशन लाल को 111 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से कांग्रेस की सरोज ने भाजपा के प्रवेश कुमार को 130 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से कांग्रेस की अनुराधा शर्मा ने निर्दलीय अशोक कुमार को 200 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से भाजपा प्रीति ने कांग्रेस के तरूण गोयल को 128 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से कांग्रेस की ऊषा शर्मा ने निर्दलीय मोती को 64 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से निर्दलीय बनय सिंह ने निर्दलीय दीपक कुमार को 153 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से कांग्रेस की साजदा बानो ने निर्दलीय रिजवाना बानों को 93 मतों से, वार्ड नम्बर 20 से कांग्रेस की जैतून ने निर्दलीय मुमताज को 94 मतों से, वार्ड नम्बर 21 से निर्दलीय निधु गर्ग ने कांग्रेस की सपना शर्मा को 127 मतों से, वार्ड नम्बर 22 से कांग्रेस की लक्ष्मी गोयल ने भाजपा की सपना को 122 मतों से, वार्ड नम्बर 23 से कांग्रेस की फिरोज ने निर्दलीय साबीर को 49 मतों से, वार्ड नम्बर 24 से निर्दलीय जुवैदा ने कांग्रेस की साहिबा उस्मानी को 84 मतों से तथा वार्ड नम्बर 25 से कांग्रेस की राममुकेशी मीना ने निर्दलीय विभीषन बाई को 114 मतों से हराया। कांग्रेस का 1 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुआ।

**● नगर पालिका सैपऊ का यह रहा परिणाम-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका सैपऊ में 20 वार्डो में से कांग्रेस ने 7 सीटों पर, भाजपा ने 6 सीटों पर, बसपा ने 3 सीटों पर तथा निर्दलीय ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका सैपऊ के वार्ड नम्बर 1 से निर्दलीय उज्जवल ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी निर्दलीय जोगेन्द्र सिंह को 10 मतों से हराया, वार्ड नम्बर 2 से निर्दलीय सायमा ने निर्दलीय दीप्ति शर्मा को 44 मतों से, वार्ड नम्बर 3 से कांग्रेस के हरिओम ने निर्दलीय शिव शंकर को 1 मत से, वार्ड नम्बर 4 से बसपा की रेनू ने भाजपा की लोंगश्री को 30 मतों से, वार्ड नम्बर 5 से कांग्रेस के सीताराम बघेल ने बसपा के कल्लू खा को 9 मतों से, वार्ड नम्बर 6 से कांग्रेस के भोलू ने भाजपा के सतीश चन्द शर्मा को 21 मतों से, वार्ड नम्बर 7 से भाजपा की सरिता ने निर्दलीय अर्चना शर्मा को 76 मतों से, वार्ड नम्बर 8 से कांग्रेस की समीना खान ने निर्दलीय सीमा बानो को 39 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से निर्दलीय पप्पू ने भाजपा के जितेन्द्र सिंह को 2 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से भाजपा की गंगा देई ने कांग्रेस की ममता कुमारी को 66 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से बसपा के संदीप लहरी ने निर्दलीय केशव को 70 मतों से, वार्ड नम्बर 12 से भाजपा के वीरेन्द्र ने निर्दलीय योगेश कुमार को 67 मतों से, वार्ड नम्बर 13 से कांग्रेस के बंटी कुमार ने निर्दलीय शैलेन्द्र शर्मा को 71 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से कांग्रेस की शालू तमोरी ने निर्दलीय अर्चना को 55 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से भाजपा के अंकित परमार ने कांग्रेस के कमलसिंह को 57 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से भाजपा के ब्रजेश बघेला ने बसपा के आसिब खान को 105 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से भाजपा के ब्रजलाल ने कांग्रेस के योगेन्द्र सक्सैना को 36 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से बसपा के भूपेन्द्र सिंह ने निर्दलीय पुष्पेन्द्र को 15 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से निर्दलीय अजय कुमार ने निर्दलीय राजेश कुमार को 39 मतों से तथा वार्ड नम्बर 20 से कांग्रेस के मुनेश सिंह ने बसपा के अर्जुन सिंह को 122 मतों से हराया।

**● नगर पालिका राजाखेड़ा का यह रहा परिणाम-**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका राजाखेड़ा में 35 वार्डो में से कांग्रेस ने 23 सीटों पर, भाजपा ने 9 सीटों, बसपा ने 1 तथा निर्दलीय ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका राजाखेड़ा के वार्ड नम्बर 1 से निर्दलीय मलुआ देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी भाजपा की शकुंतला को 91 मतों से, वार्ड नम्बर 2 से भाजपा की रजनी ने कांग्रेस की नीरज देवी को 10 मतों से, वार्ड नम्बर 3 से कांग्रेस के रामअवतार ने भाजपा के जगदीश को 5 मतों से, वार्ड नम्बर 4 से कांग्रेस के भोलाराम ने भाजपा के गजेन्द्र पाल सिंह को 38 मतों से, वार्ड नम्बर 5 से कांग्रेस के रणदीप सिंह निगम ने भाजपा के माताप्रसाद को 96 मतों से, वार्ड नम्बर 6 से कांग्रेस की अंजली ने भाजपा की सरोज देवी को 205 मतों से, वार्ड नम्बर 7 से कांग्रेस की सरोज ने भाजपा की रेनू को 13 मतों से, वार्ड नम्बर 8 से कांग्रेस की सरवेश कुमारी ने भाजपा के गिर्राज सिंह को 208 मतों से, वार्ड नम्बर 9 से बसपा के विवेक कुमार गौतम ने कांग्रेस के गुड्डु को 36 मतों से, वार्ड नम्बर 10 से कांग्रेस के कार्तिकेय वर्मा ने भाजपा की पूजा झां को 121 मतों से, वार्ड नम्बर 11 से भाजपा के विजेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह को 9 मतों से, वार्ड नम्बर 12 से भाजपा के हेमन्त सिंह ने कांग्रेस के वीरेन्द्र सिंह को 1 मत से, वार्ड नम्बर 13 से कांग्रेस की तनू पहाड़िया ने निर्दलीय खुशबू को 24 मतों से, वार्ड नम्बर 14 से कांग्रेस की अर्चना ने भाजपा की सुशीला को 73 मतों से, वार्ड नम्बर 15 से कांग्रेस की साक्षी वैष्णव ने भाजपा की श्वेता वैष्णव को 17 मतों से, वार्ड नम्बर 16 से भाजपा के रविन्द्र राघव ने कांग्रेस की रजनी को 50 मतों से, वार्ड नम्बर 17 से भाजपा के रितेश कुमार ने कांग्रेस के राजेश कुमार को 92 मतों से, वार्ड नम्बर 18 से भाजपा के भरत सिंह ने कांग्रेस की अंजली यादव को 38 मतों से, वार्ड नम्बर 19 से कांग्रेस के जगदीश प्रसाद ने भाजपा के रामअवतार को 99 मतों से, वार्ड नम्बर 20 से कांग्रेस के विनोद कुमार ने भाजपा के हरिबाबू को 16 मतों से, वार्ड नम्बर 21 से कांग्रेस के मोहसिन खान ने भाजपा के चमन को 166 मतों से, वार्ड नम्बर 22 से निर्दलीय हरिसिंह ने कांग्रेस के मुनेन्द्र सिंह को 44 मतों से, वार्ड नम्बर 23 से कांग्रेस की ज्योति ने निर्दलीय मधु को 326 मतों से, वार्ड नम्बर 24 में कांग्रेस के सोनू ठाकुर ने भाजपा के मनोज कुमार को 186 मतों से, वार्ड नम्बर 25 से कांग्रेस की सीमा कुमारी ने भाजपा की ममता देवी को 118 मतों से, वार्ड नम्बर 26 से भाजपा के लाल सिंह ने कांग्रेस के आकाश जाटव को 16 मतों से, वार्ड नम्बर 27 से कांग्रेस के जोगेन्द्र सिंह ने भाजपा के राहुल कुमार मुदगल को 39 मतों से, वार्ड नम्बर 28 से भाजपा की पूनम सोनी ने कांग्रेस के सतीश को 32 मतों से, वार्ड नम्बर 29 से कांग्रेस की ऊषा देवी ने भाजपा की रमा मुकेश कुमार को 211 मतों से, वार्ड नम्बर 30 से कांग्रेस की दीपमाला ने भाजपा की माया को 178 मतों से, वार्ड नम्बर 31 से कांग्रेस की रूबी सिंह ने भाजपा की भगवान देवी को 217 मत से, वार्ड नम्बर 32 से कांग्रेस के नाहर सिंह ने भाजपा के रविन्द्र को 13 मतों से, वार्ड नम्बर 33 से कांग्रेस की नीलम ने निर्दलीय सोमौती को 320 मतों से, वार्ड नम्बर 34 से भाजपा के ब्रजमोहन ने कांग्रेस के हीरासिंह को 2 मतों से तथा वार्ड नम्बर 35 से कांग्रेस के राजेश तौमर ने भाजपा के फरेन्द्र सिंह को 22 मतों से हराया। रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा जीतने वाले प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिए गए।




# आरडीएसएस योजना से मुकलावा क्षेत्र की ढाणियों में पहुंची बिजली की उम्मीद

चमकता राजस्थान

**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई) मुकलावा।** भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकलावा क्षेत्र की ढाणियों में विद्युतीकरण कार्य शुरू हो गया है। लंबे समय से बिजली कनेक्शन की सुविधा से वंचित ढाणीवासियों के लिए यह कार्य राहत और उम्मीद लेकर आया है। ढाणियों में बिजली कनेक्शन करने पहुंचे विद्युत विभाग के कार्मिकों का भाजपा देहात मंडल रायसिंहनगर के अध्यक्ष एवं एडवोकेट प्रदीप खिचड़ द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे। विद्युतीकरण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए भारत सरकार की आरडीएसएस योजना की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि ढाणियों में बिजली पहुंचने से लोगों को रोजमर्रा के कामकाज के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक कार्यों में भी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि योजना के तहत शेष ढाणियों में भी जल्द से जल्द कार्य पूरा कर प्रत्येक पात्र परिवार को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर मौजूद लोगों ने विद्युत विभाग के कार्मिकों का सहयोग करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने की बात कही।



# बालोतरा जिले में भाजपा का क्लीन स्वीप, सातों निकायों में बनेगा भाजपा का बोर्ड

चमकता राजस्थान

**बालोतरा।** जिले में हुए निकाय चुनाव के नतीजों ने भाजपा के पक्ष में तस्वीर साफ कर दी है। बालोतरा जिले की सभी सातों निकायों में भाजपा बहुमत के साथ बोर्ड बनाने की स्थिति में पहुंच गई है। बालोतरा नगर परिषद से लेकर जसोल, समदड़ी, सिवाना, सिणधरी, गुड़ामालानी और धोरीमन्ना नगर पालिकाओं में भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए अपना दबदबा कायम किया है। परिणाम सामने आने के बाद भाजपा खेमे में जश्न का माहौल है और कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। बालोतरा नगर परिषद के 54 वार्डों में भाजपा ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को 23 और निर्दलीय उम्मीदवारों को 3 सीटें मिलीं। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है। भाजपा की जीत पर विधायक अरुण चौधरी ने जनता का आभार जताते हुए बधाई दी। जसोल नगरपालिका के 20 वार्डों में भाजपा ने 11, कांग्रेस ने 7 और निर्दलीयों ने 2 सीटें जीतीं। समदड़ी नगरपालिका के 25 वार्डों में भाजपा 14 सीटों के साथ आगे रही, जबकि कांग्रेस को 8 और निर्दलीयों को 2 सीटें मिलीं। सिवाना नगरपालिका में भी भाजपा ने 25 में से 14 वार्ड जीतकर बहुमत हासिल किया। कांग्रेस को 9 और निर्दलीयों को 2 सीटें मिलीं। सिणधरी नगरपालिका के 20 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 5 और निर्दलीयों ने 3 सीटों पर जीत दर्ज की। गुड़ामालानी नगरपालिका के 20 वार्डों में भाजपा ने 11 सीटें जीतकर बोर्ड बनाने का रास्ता साफ किया। कांग्रेस को 7 और निर्दलीयों को 2 सीटें मिलीं। वहीं धोरीमन्ना नगरपालिका में भाजपा का प्रदर्शन सबसे मजबूत रहा। 20 वार्डों में भाजपा ने 14 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को महज 3 और निर्दलीयों को 3 सीटों पर संतोष करना पड़ा। सातों निकायों के परिणामों ने जिले में भाजपा की मजबूत राजनीतिक स्थिति को सामने ला दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में जीत को लेकर उत्साह है। वहीं कांग्रेस के लिए ये परिणाम आत्ममंथन का संकेत माने जा रहे हैं। कुल मिलाकर बालोतरा जिले की सातों निकायों में भाजपा का बोर्ड बनने से पार्टी ने स्थानीय राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ का संदेश दिया है।

# निकाय चुनावों के नतीजों ने भाजपा सरकार को दिखाया आईना, जनता ने नकारा भाजपा का कुशासन: डोटासरा

## कहा- भाजपा की बढ़त 1 प्रतिशत से भी कम, परिसीमन को बताया बेईमानीपूर्ण; आने वाले पंचायत चुनावों में भाजपा की हार का किया दावा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 14 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने नगर निकाय चुनाव परिणामों को भाजपा सरकार के लिए आईना बताते हुए कहा कि इन चुनावों में जनता ने भाजपा के कुशासन को नकार दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में डोटासरा ने दावा किया कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा की कांग्रेस पर बढ़त एक प्रतिशत से भी कम रह गई है।

डोटासरा ने कहा कि वर्ष 2014-16 में भाजपा की वसुंधरा राजे सरकार के दौरान निकाय चुनावों में भाजपा का वोट शेयर कांग्रेस से 8.12 प्रतिशत अधिक था। वहीं 2019-21 में गहलोत सरकार के दौरान कांग्रेस की भाजपा पर 2.2 प्रतिशत बढ़त रही थी। उनके अनुसार इस बार भाजपा की बढ़त एक प्रतिशत से भी कम रहना सरकार के प्रति जनता की नाराजगी को दर्शाता है।




### ● जयपुर में वोट कांग्रेस को ज्यादा, वार्ड भाजपा के ज्यादा

डोटासरा ने जयपुर के परिणामों को लेकर कहा कि कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले 10 हजार से अधिक वोट मिले, लेकिन वार्डों की संख्या में भाजपा आगे रही। उन्होंने इसका कारण कथित रूप से मनमाना परिसीमन बताया।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जयपुर के वार्ड 31 में 13,499 मतदाता, जबकि वार्ड 135 में 32,272 मतदाता हैं। डोटासरा ने दावा किया कि नियमों के अनुसार परिसीमन में मतदाताओं की संख्या में 10 से 15 प्रतिशत से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए।

### ● पंचायत चुनावों में भी भाजपा की हार का दावा

डोटासरा ने कहा कि पिछले ढाई साल में भाजपा सरकार ने जनता के हित में कोई उल्लेखनीय काम नहीं किया, जिसका असर निकाय चुनावों में दिखाई दिया है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा को और बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि शहरी निकायों को भाजपा और आरएसएस का गढ़ माना जाता है, लेकिन यहां भी भाजपा अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। अब पंचायत चुनावों में भी जनता भाजपा सरकार के कामकाज का जवाब देगी।

### ● भरतपुर और झालावाड़ का भी किया जिक्र

डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर में 65 में से भाजपा केवल 20 वार्ड जीत सकी। सांगानेर में कांग्रेस का वोट शेयर 38.8 प्रतिशत और भाजपा का 35.9 प्रतिशत बताया।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के गृह क्षेत्र झालावाड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां आठ नगर निकायों में से पांच में भाजपा का सफाया हो गया और कांग्रेस के वोट शेयर में 4.9 प्रतिशत की बढ़त रही। डोटासरा ने यह भी कहा कि भाजपा के कई मंत्रियों के क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न नगर निगम क्षेत्रों में किए गए रोड शो का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री 10 नगर निगमों में रोड शो करने गए, लेकिन भाजपा को केवल चार नगर निगमों में बहुमत मिल पाया।

### ● परिसीमन को लेकर भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने नियम विरुद्ध और बेतरतीब परिसीमन किया। उन्होंने कहा कि कहीं वार्ड में 4 हजार मतदाता हैं तो कहीं 35 हजार तक मतदाता हैं। छोटे निकायों में भी कहीं 600 तो कहीं 3000 मतदाताओं के वार्ड बनाए गए।

डोटासरा ने दावा किया कि भाजपा द्वारा जीते गए 4097 वार्डों में से 1316 वार्डों में जीत का अंतर 100 वोट से कम रहा, जबकि 772 वार्डों में अंतर 50 वोट से भी कम था। उन्होंने कहा कि 13 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी केवल एक वोट के अंतर से जीते। कांग्रेस ने ऐसे 1316 वार्डों में पुनर्मतगणना के लिए आवेदन किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिन वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी 200-300 वोटों से आगे थे, उनके परिणामों को रोके रखा गया, ताकि भाजपा और मुख्यमंत्री के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

### ● एससी-एसटी आरक्षित वार्डों में कांग्रेस की बढ़त का दावा

डोटासरा ने कहा कि अनुसूचित जाति आरक्षित वार्डों में कांग्रेस ने 542 वार्ड जीते, जबकि भाजपा को 350 वार्ड मिले। इस तरह कांग्रेस की बढ़त 192 वार्डों की रही। एससी महिला आरक्षित वार्डों में कांग्रेस ने 261 और भाजपा ने 186 वार्ड जीते। वहीं एसटी महिला आरक्षित वार्डों में कांग्रेस ने 53 तथा भाजपा ने 39 वार्डों में जीत दर्ज की।

उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान और आरक्षण विरोधी रवैये का जवाब दलित समाज ने चुनाव में दिया है।

### ● अजमेर, पाली और बीकानेर में कांग्रेस के प्रदर्शन का जिक्र

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अजमेर में 80 में से कांग्रेस ने 37 वार्ड जीते, जबकि भाजपा 32 पर सिमट गई। पाली में कांग्रेस ने 65 में से 29 वार्ड जीते, जबकि भाजपा को 21 वार्ड मिले।

उन्होंने बीकानेर को लेकर दावा किया कि यहां 80 में से कांग्रेस ने 42 वार्ड जीतकर बहुमत हासिल किया है। डोटासरा ने कहा कि जोधपुर में भी भाजपा बहुमत नहीं जुटा पाई और कांग्रेस ने 45 वार्ड जीतकर एक वार्ड की बढ़त बनाई। उनके अनुसार जोधपुर में कांग्रेस का वोट शेयर 42.7 प्रतिशत, जबकि भाजपा का 39.8 प्रतिशत रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### सातों नगर निकायों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव का कार्यक्रम घोषित, 21 सितम्बर को अध्यक्ष पद के लिए होगा मतदान



**चमकता राजस्थान** धौलपुर संवाददाता रामदास तरुण धौलपुर, 14 सितम्बर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत जिले के सातों नगर निकायों-नगर परिषद धौलपुर तथा नगर पालिका बाड़ी, बसेड़ी, सरमथुरा, सैपऊ, मनियां एवं राजाखेड़ा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए लोक सूचना जारी करने की तिथि 15 सितम्बर निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 17 सितम्बर को होगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद इसी दिन मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया 22 सितम्बर को होगी। निर्वाचन प्रक्रिया के लिए बैठक का प्रारंभ प्रातः 10 बजे होगा। नामांकन पत्रों का प्रस्तुतिकरण प्रातः 11 बजे तक, जबकि नामांकन पत्रों की संवीक्षा प्रातः 11.30 बजे तक की जाएगी। अभ्यर्थिता वापस लेने का समय अपराह्न 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यदि उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान आवश्यक हुआ तो मतदान अपराह्न 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। मतदान के पश्चात मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

### महेश सेवा ट्रस्ट बम्बोर में बाबा रामदेवजी का भव्य पाटोत्सव

● **पुष्प श्रृंगार एवं सवामणी भोग के साथ नेत्रहीन कलाकार मंडली ने भजनों से बांधा समां**



**चमकता राजस्थान** राजू भाई सागासनी/ब्यूरो चीफ जोधपुर। जोधपुर/उटाम्बर महेश सेवा ट्रस्ट बम्बोर में बीज के पावन अवसर पर बाबा रामदेवजी के पाटोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदेवजी की प्रतिमा का आकर्षक पुष्पों से भव्य श्रृंगार किया गया तथा सवामणी भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पाटोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा रामदेवजी के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा। ट्रस्ट अध्यक्ष राधेश्याम धूत एवं सोहनलाल राठी ने बताया कि पाटोत्सव के अवसर पर बाबा रामदेवजी का भव्य पुष्प श्रृंगार कर सवामणी भोग लगाया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव एवं धार्मिक भावना मजबूत होती है।

समारोह में नेत्रहीन कलाकार मंडली प्रकाश खींची, जेताराम सुथार एंड पार्टी द्वारा बाबा रामदेवजी के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालु भक्तिरस में डूब गए और पूरा मंदिर परिसर बाबा की भक्ति से गूंज उठा।

### गुराड़िया कलां धूमधाम से बाबा रामदेव जयंती मनाई शोभा यात्रा निकाली

**चमकता राजस्थान** गुराड़िया कलां कस्बे मे मेघवाल युवा शक्ति संगठन ने रविवार को लोक देवता बाबा रामदेव की जयंती पर शोभायात्रा निकाली यात्रा गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए पूरे गांव हर गली हर मोहल्ले से होते हुए वापस मंदिर पहुंची मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हेमन्त बैरवा बैरवा एस सी प्रकोष्ठ झालावाड़ ने बाबा रामदेव जन्मोत्सव के अवसर में पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष हेमन्त बैरवा बैरवा का गुराड़िया कलां बाबा रामदेव युवा कमेटी ने माला व साफ़ा पहनाकर जोरदार स्वागत किया अध्यक्ष हेमन्त बैरवा ने बताया कि यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है की हमें 10 से अधिक गांव में जाकर दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ शोभा यात्रा की जगह-जगह आरती कर भव्य स्वागत किया शोभा यात्रा में सम्मिलित लोगों का जगह-जगह चाय पानी फल आदि की व्यवस्था की गई शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचकर महा आरती कर प्रसादी वितरण की।

### राघव आदर्श महाविद्यालय, खिंवाड़ा में गणपति स्थापना



**चमकता राजस्थान/ खिंवाड़ा (पाली)।** स्थानीय शिक्षण संस्थान राघव आदर्श महाविद्यालय में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कॉलेज परिसर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की विधि-विधान से स्थापना की गई।यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक कमलेश जी गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. हिम्मत कुमार के सानिध्य में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बप्पा का श्रृंगार कर महाआरती की गई। इस पावन अवसर पर संस्थान के निदेशक कमलेश जी गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विघ्नहर्ता के जीवन से प्रेरणा लेने और जीवन में हमेशा अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं प्राचार्य डॉ. हिम्मत कुमार ने सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज की निरंतर उन्नति की कामना की। इसके बाद छात्रों ने सुंदर रंगोली सजाई और पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया।इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. सुरेश कुमार, यामिनी शर्मा, मुकेश कुमार व नीतू सोलंकी सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में सभी को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

## मानसा में स्कूल बस की पीआरटीसी बस से भिड़ंत, 10 से 15 बच्चे घायल, ड्राइवर की टांगें टूटीं

**मानसा/एजेंसी।** पंजाब के मानसा में नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे स्कूल बस आगे जारी रही पीआरटीसी बस से टकरा गई। जिससे स्कूल बस में सवार करीब 10 से 15 बजे घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे में स्कूल बस ड्राइवर की दोनों टांगें टूट गई। वहीं सभी घायल बच्चों को अस्पातल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह स्कूल बस हौली हार्ट पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ की बताई जा रही है।

क्कक्रञ्रष्ट बस के ड्राइवर का कहना है कि, वह मानसा से जाखल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बस के आगे अचानक एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार के कान पर मोबाइल फोन लगा हुआ था। उसके अचानक सामने आने पर पीआरटीसी बस ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूल बस पीआरटीसी बस से टकरा गई।

हादसे में एक छोटी बच्ची को ज्यादा चोटें आने की बात सामने आई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य घायल बच्चों को भी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और टक्कर के समय दोनों बसों की स्थिति क्या थी।

## राहुवास पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 30 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

● **कंटेनर से 4585 लीटर शराब बरामद, चार अलग-अलग नंबर प्लेट भी मिलीं; चालक हादसे के बाद फरार**



**चमकता राजस्थान/दौसा।** राहुवास थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 30 लाख रुपए कीमत की 4585 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर को भी जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान कंटेनर से अलग-अलग नंबरों की चार नंबर प्लेटें मिलीं, जिनमें दो पीले रंग की नंबर प्लेटों को पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार 13 सितंबर 2026 को राहुवास थाना पुलिस दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कंटेनर नंबर ल्फ61 ए 2360 दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो कंटेनर में शराब के कार्टून भरे मिले। तलाशी लेने पर रॉयल चैलेंज की 180 एमएल की 18,840 बोतलें तथा ऑल सीजन्स की 750 एमएल की 1,593 बोतलें बरामद हुईं। कुल शराब की मात्रा करीब 4585 लीटर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस ने शराब को राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 एवं बीएनएस की धारा 318(4) के तहत जब्त किया। इसके साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर को भी जब्त कर लिया गया।

## पत्नी के मर्डर के बाद उसका सिर काटकर पति ने फ्रिज में रखा, पुलिस ने किया एनकाउंटर, इलाके में मची सनसनी

गुवाहाटी/एजेंसी।

असम के गुवाहाटी में पत्नी की हत्या के आरोपी रामानुज गोस्वामी की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सोमवार तड़के मेडिकल जांच के लिए ले जाते समय आरोपी ने हिरासत से भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसे रोकने के लिए गोली चलाई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, रामानुज गोस्वामी पर अपनी 25 वर्षीय पत्नी रिया तालुकदार की हत्या का आरोप था। यह मामला 6 सितंबर को सामने आया था। गुवाहाटी के एक अपार्टमेंट में रहने वाले दंपती को पड़ोसियों ने करीब दो दिन से नहीं देखा था।

**जयपुर नगर निगम वार्ड संख्या 90** | **कागजों में निस्तारण... जमीन पर समस्या बरकरार**

## अवैध डेयरी की गायों से परेशान कटेवा नगर के लोग,

**100 से ज्यादा गायें, सड़कों पर आवारा घुमती, दुर्घटनाओं का बना रहता है खतरा**

## 181 पर तीन शिकायतें फिर भी समस्या जस की तस




चमकता राजस्थान/जयपुर

जयपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 90 के कटेवा नगर में 60 फीट रोड के अंतिम छोर पर संचालित हो रही अवैध डेयरी में 100 से अधिक गायों को रखे जाने और दूध निकालने के बाद उन्हें खुले में छोड़ने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खुले में घुमने वाली गायों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार बुजुर्गों को गायों ने सिंग मारकर घायल किया, वहीं सड़क पर घुमने वाली गायों से वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

इस समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने राजस्थान संपर्क 181 पर बार-बार शिकायत दर्ज कराई। शिकायतों की निस्तारण रिपोर्ट में नगर निगम, जयपुर की ओर से शिकायतों का निस्तारण दर्शाया गया है, लेकिन शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जमीन स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हुआ और हालात जस के तस बने हुए हैं।

### कागजों में निस्तारण, मौके पर हालात जस के तस

क्षेत्रवासियों का कहना है कि शिकायतों के जवाब में अधिकारियों के नाम और कार्रवाई का विवरण दर्ज कर शिकायतों को निस्तारित तो कर दिया गया, लेकिन मौके पर न तो अवैध डेयरी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हुई और न ही खुले में छोड़ी जा रही गायों की समस्या का स्थायी समाधान हुआ.

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर गायों का जमावड़ा अब भी बना हुआ है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया केवल कागजों तक सीमित रह गई है।

### तीन शिकायतें, शिकायत संख्या और अधिकारियों के नाम भी दर्ज

उपलब्ध राजस्थान संपर्क की शिकायत निस्तारण रिपोर्ट के अनुसार—

| पहली शिकायत | दुसरी शिकायत | तीसरी शिकायत |
|---|---|---|
| शिकायत संख्या 092651428643308 | शिकायत संख्या 092651428622622 | शिकायत संख्या 092651428622622 |
| शिकायत की तिथि 10 सितंबर 2026 | शिकायत की तिथि 8 सितंबर 2026 | शिकायत की तिथि 13 सितंबर 2026 |
| संबंधित अधिकारी नेहा गौड़ (पशु चिकित्सा अधिकारी) | संबंधित अधिकारी नेहा गौड़ (पशु चिकित्सा अधिकारी) | संबंधित अधिकारी उमाशंकर (लाइवस्टॉक असिस्टेंट) |
| विषय: आवारा पशु | विषय: आवारा पशु | विषय: आवारा पशु |
| परिणाम: राहत प्रदान की गई | परिणाम: राहत प्रदान की गई | परिणाम: राहत प्रदान की गई |

**तीनों रिपोर्ट में शिकायत के परिणाम के रूप में 'राहत प्रदान की गई' दर्ज किया गया है। वहीं कार्रवाई के विवरण में शिकायत का निस्तारण किए जाने की जानकसी दी गई है।**

### नगर निगम कमिश्नर को भी भेजा ई-मेल

क्षेत्रवासियों ने 181 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ नगर निगम जयपुर के कमिश्नर को ई-मेल के माध्यम से भी पुरे मामले की शिकायत भेजी, लेकिन उनका कहना है कि अभी तक इस शिकायत पर कोई संतोषजनक जवाब या ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

"क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि मोके पर उच्च अधिकारियों की टीम भेजकर डेयरी की वास्तविक स्थिति की जांच की जाए, सड़क पर खुले में छोड़ी जा रही गायों को हटाया जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर डेयरी संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### स्थानीय लोगों की परेशामियां

- सड़कों पर आवारा घुमती गायों से दुर्घटनाओं का खतरा
- कई बुजुगों को गायों ने सिंग मारकर किया घायल
- वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं
- क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश

"शिकायतें कई बार कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। सड़क पर रोज गायों का झुंड रहता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ हैं।

— क्षेत्रवासी, कटेवा नगर






**अब सवाल यह है कि जब 181 पर शिकायतें दर्ज हुई, संबंधित अधिकारियों के नाम के साथ निस्तारण रिपोर्ट भी जारी हो गई और शिकायतों में 'राहत प्रदान की गई' दर्ज है, तो फिर कटेवा नगर के लोगों को वास्तविक राहत कब मिलेगी?**

# विश्व तीरंदाजी फाइनल : धीरज बोम्मदेवरा ने रचा इतिहास, पुरुष रिकर्व में जीता स्वर्ण

एजेंसी



**साल्टिलो (मेक्सिको)।** भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने एशियाई खेलों की तैयारियों को मजबूती देते हुए रविवार को विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में पुरुष रिकर्व वर्ग का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत लिया। धीरज ने खिताबी मुकाबले में जापान के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता नाकानिशी जुन्या को शूट-ऑफ में हराया।

विजयवाड़ा के 25 वर्षीय धीरज विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं। निर्धारित पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबर रहा, जिसके बाद शूट-ऑफ हुआ। इसमें धीरज ने 10 अंक का निशाना साधा, जबकि नाकानिशी 9 अंक ही हासिल कर सके। पहले सेट में दोनों तीरंदाजों ने 28-28 अंक हासिल किए और एक-एक अंक बांटा। नाकानिशी ने दूसरा सेट 29-28 से जीतकर 3-1 की बढ़त बनाई, लेकिन धीरज ने तीसरा सेट 29-28 से अपने नाम कर स्कोर बराबर कर दिया।

नाकानिशी ने चौथे सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो इनर-10 समेत कुल 29 अंक हासिल किए, जबकि धीरज 28 अंक ही बना सके। इससे जापानी तीरंदाज ने दबाव बढ़ा दिया।

निर्णायक पांचवें सेट में दोनों ने पहली तीर से 9-9 अंक बनाए। धीरज ने दूसरी तीर पर 10 अंक हासिल कर बढ़त बनाई, जबकि नाकानिशी ने फिर 9 अंक जुटाए। धीरज की तीसरी तीर 9 अंक की रही। ऐसे में नाकानिशी को स्वर्ण जीतने के लिए 10 अंक की जरूरत थी, लेकिन वह लगातार तीसरी बार 9 अंक ही हासिल कर सके और मुकाबला शूट-ऑफ तक पहुंच गया।

इससे पहले सेमीफाइनल में धीरज ने फ्रांस के ओलंपिक पदक विजेता जीन-चार्ल्स वालाडोंट को 7-1 (28-25, 28-28, 29-24, 29-28) से हराया था। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्किये के ओलंपिक पदक विजेता बेरकिम तुमेर को भी 7-1 (28-25, 29-26, 28-28, 29-27) से शिकस्त दी थी।

धीरज का यह ऐतिहासिक स्वर्ण पदक एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजी के लिए भी बड़ी उपलब्धि है और इससे आगामी महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए उनकी तैयारियों को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

# पाकिस्तान पर धीमी ओवर गति की मार, 11 अंक कटे, 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

एजेंसी



**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर बड़ी कार्रवाई हुई है। पाकिस्तान की टीम पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है और उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 11 अंक भी काट लिए गए हैं। आईसीसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान टीम निर्धारित समय में 11 ओवर कम कर पाई। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद टीम को 11 ओवर कम पाया गया।

आईसीसी के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराध के लिए प्रत्येक कम ओवर पर खिलाड़ी की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसकी अधिकतम सीमा मैच फीस का 50 प्रतिशत है। इसी के चलते पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर अधिकतम 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के तहत निर्धारित लक्ष्य से प्रत्येक ओवर कम रहने पर एक अंक काटा जाता है। इस आधार पर पाकिस्तान के कुल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों में से 11 अंक कम कर दिए गए। ये प्रतिबंध आईसीसी मैच रेफरी रंजन मदुगले, मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और क्रिस गैफनी, तीसरे अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर तथा चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने लगाए। पाकिस्तान को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में एक भी जीत नहीं मिली। टीम को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पारी और 103 रन से, लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट में 194 रन से और एजबेस्टन में तीसरे टेस्ट में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आईसीसी के अनुसार, 11 अंक कटने के बाद पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में और नीचे खिसक गया है। टीम अब 4.63 प्रतिशत अंक के साथ नौवें स्थान पर है। पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अब तक नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे केवल दो मैचों में जीत मिली है, जबकि सात मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला एशिया कप फाइनल : क्रांति गौड़ पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना, डिमेरिट अंक भी जुड़ा



**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ पर श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप फाइनल में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। क्रांति को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अनुच्छेद अंतरराष्ट्रीय मैच में किसी बल्लेबाज के आउट होने के बाद ऐसी भाषा, हरकत या इशारे के इस्तेमाल से संबंधित है, जो बल्लेबाज को अपमानित करे या उसकी ओर से आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सके। यह घटना श्रीलंका की पारी के पहले ओवर में हुई। सलामी बल्लेबाज इमेशा दुलानी को आउट करने के बाद क्रांति ने पवेलियन की ओर इशारा किया था। 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध है। क्रांति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर सलीमा इम्तियाज और शथिरा जाकिर जेस्सी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना तथा चौथे अंपायर हुमैरा फाराह ने आरोप लगाया था।

### प्राइम वॉलीबॉल लीग: दिल्ली तूफांस ने फैबियो मेंटा को बनाया मुख्य कोच

**नई दिल्ली।** दिल्ली तूफांस ने प्राइम वॉलीबॉल लीग के पांचवें सत्र के लिए फैबियो मेंटा को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। लीग का पांचवां सत्र 30 नवंबर से शुरू होने वाला है। यह नियुक्ति पांचवें सत्र की खिलाड़ी नीलामी पूरी होने के बाद की गई है। मेंटा के आने से टीम को तकनीकी और रणनीतिक स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब प्राइम वॉलीबॉल लीग को अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ ने भारत की पहली श्रेणी की पेशेवर वॉलीबॉल लीग के रूप में मान्यता दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो दशक से अधिक का कोचिंग अनुभव रखने वाले मेंटा ने यूरोप, एशिया और ओशिनिया में पेशेवर क्लबों, राष्ट्रीय टीमों और अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों के साथ काम किया है। वह अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ के लेवल-2 कोच हैं और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल महासंघ तथा ओशिनिया वॉलीबॉल से जुड़े कोच प्रशिक्षक भी हैं। मेंटा को इंडोर और बीच वॉलीबॉल दोनों में विशेषज्ञता हासिल है। उनके करियर की प्रमुख उपलब्धियों में बहामास में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना, इटालियन कप में कांस्य पदक और फिनलैंड के सुओमेन कप में कांस्य पदक शामिल हैं।

# ज्वेरेव ने शेल्टन को हराकर पहली बार जीता यूएस ओपन का खिताब, अमेरिकी उम्मीदें हुई धराशायी

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की अपने किसी खिलाड़ी को 2003 के बाद पहली बार यूएस ओपन पुरुष एकल का खिताब जीतते देखने की उम्मीद एक बार फिर टूट गई। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के फाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया। मुकाबला करीब साढ़े तीन घंटे चला। 29 वर्षीय ज्वेरेव का यह करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इस साल फ्रेंच ओपन भी जीत चुके हैं। छह साल पहले फ्लशिंग मीडोज में अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में ज्वेरेव दो सेट की बढ़त के बावजूद डोमिनिक थीम से हार गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने ऐसी कोई गलती नहीं की।

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल रहे शेल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर मुकाबले में वापसी की उम्मीद जगाई। उन्होंने 12वें गेम में ज्वेरेव की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने दबाव में अपना संयम बनाए रखा। ज्वेरेव ने चौथे सेट के पहले ही गेम में शेल्टन की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद सातवें गेम में एक और ब्रेक हासिल कर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बिना किसी परेशानी के अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया।

अमेरिकी खिलाड़ी के लिए शुरूआत बेहद खराब रही। शेल्टन को पहले ही सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा और उन्होंने डबल फॉल्ट कर दिया। ज्वेरेव ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल किया। यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल था और उन्होंने अपनी दमदार सर्विस से शेल्टन को कोई मौका नहीं दिया। पूरे मुकाबले में ज्वेरेव ने पहली सर्विस के बाद 80 में से 68 अंक यानी 85 प्रतिशत अंक जीते।

पहले सेट के नौवें गेम में शेल्टन को एक और ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा और उन्होंने फिर डबल फॉल्ट कर दिया, जिससे ज्वेरेव ने पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में शेल्टन ने बेहतर प्रदर्शन किया और ज्वेरेव की सर्विस पर कोई ब्रेक प्वाइंट नहीं बनाया जा सका। हालांकि टाईब्रेक में ज्वेरेव ने 5-0 की बढ़त बनाकर सेट पर कब्जा कर लिया। उनके दमदार सर्विस के जवाब में शेल्टन का फोरहैंड रिटर्न नेट में चला गया। शेल्टन ने ज्वेरेव के खिलाफ लगातार 12 सेट गंवाने का सिलसिला तीसरे सेट में खत्म किया, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। ज्वेरेव ने चौथे सेट में तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और अंततः ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

# तन्वी पत्री ने जीता बैडमिंटन एशिया अंडर-17 का खिताब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की 15 वर्षीय तन्वी पत्री ने रविवार को बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के अंडर-17 एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। फाइनल में तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन शाइना मनिमुथु को 11-15, 15-10, 15-12 से हराया।

ओडिशा की तन्वी ने इस जीत के साथ महाद्वीपीय अंडर-17 खिताब अपने नाम किया। उन्होंने इससे पहले पोंटियानक इंटरनेशनल चैलेंज में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था और इसी साल बेंगलुरु में ऑल इंडिया जूनियर अंडर-19 बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम किया था।

तन्वी ने 2024 में अंडर-15 एशियाई खिताब जीता था और अब उन्होंने अंडर-17 एशियाई चैंपियन बनकर अपनी उपलब्धियों में एक और बड़ी सफलता जोड़ ली है। उनकी जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरे वर्ष अंडर-17 लड़कियों के एकल का खिताब अपने पास बरकरार रखा। पिछले साल दीक्षा सुधाकर ने यह खिताब जीता था।

- शाइना मनिमुथु को हराकर बनीं चैंपियन



## पंजाब में होगा पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट, पाकिस्तान भी करेगा भागीदारी

# जापान और मलेशिया के बीच खेला जाएगा उद्घाटन मुकाबला

एजेंसी

**मोहाली।** पंजाब इस साल पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक खेला जाएगा और पाकिस्तान की टीम भी इसमें हिस्सा लेगी।

हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मोहाली के फेज-9 स्थित बलबीर सिंह सीनियर हॉकी स्टेडियम के दौरे के दौरान कार्यक्रम की जानकारी दी। टूर्नामेंट का उद्घाटन 27 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे जालंधर में होगा। लीग चरण के मुकाबले जालंधर में खेले जाएंगे, जबकि नॉकआउट मैच, सेमीफाइनल, फाइनल और समापन समारोह 5 नवंबर को मोहाली में आयोजित होंगे। सबसे अधिक इंतजार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले का रहेगा। यह मैच 1 नवंबर को पंजाब दिवस के अवसर पर जालंधर में खेला जाएगा।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सहित अन्य अधिकारियों ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मोहाली स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भगवंत मान ने कहा कि पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और हॉकी इंडिया की ओर से भी हरी झंडी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं, बल्कि बहु-देशीय प्रतियोगिता है, इसलिए पाकिस्तान टीम की यात्रा को भी स्वीकृति मिली है।

- भारत-पाकिस्तान मैच 1 नवंबर को, दर्शकों के लिए प्रवेश रहेगा नि:शुल्क
- 27 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे जालंधर में होगा टूर्नामेंट का उद्घाटन



### भारत और पाकिस्तान के हॉकी महासंघों के बीच अच्छे संबंध हैं : भोलानाथ सिंह

हॉकी इंडिया महासचिव भोला नाथ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हॉकी महासंघों के बीच अच्छे संबंध हैं और दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच भी खेल भावना मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम ने पंजाब में टूर्नामेंट खेलने में रुचि दिखाई है। टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, जापान, मलेशिया, चीन और कोरिया की छह टीमें भाग लेंगी। ओमान और बांग्लादेश को रिजर्व टीमों के रूप में रखा गया है। उद्घाटन मुकाबला जापान और मलेशिया के बीच खेला जाएगा।

**टूर्नामेंट का लोगो भी जारी किया गया :** इस दौरान टूर्नामेंट का लोगो भी जारी किया गया, जिसमें पूर्व भारतीय कप्तान और मौजूदा खिलाड़ी मनप्रीत सिंह को स्थान दिया गया है। आयोजकों ने घोषणा की कि जालंधर और मोहाली दोनों स्थानों पर दर्शकों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दोनों स्टेडियमों में उन्नयन कार्य चल रहा है, जिसे टूर्नामेंट से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इनमें स्क्रीन, बेहतर बैठने की व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अन्य सुविधाएं शामिल होंगी।

## व्यापार

# वित्त मंत्री ने किया एचडीएफसी बैंक के बैकऑफिस का शुभारंभ

संवाददाता



**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि एचडीएफसी बैंक के रांची के हरमू स्थित पंचवटी टावर में झारखंड के तीसरे बैकऑफिस का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड में एचडीएफसी बैंक के तीसरे बैकऑफिस का शुभारंभ राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और वित्तीय गतिविधियों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे राज्य के लोगों और व्यवसायों को बेहतर एवं सुगम बैंकिंग सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, ऐसे संस्थानों के विस्तार से झारखंड के युवाओं के लिए रोजगार और करियर के नए अवसर भी पैदा होंगे। बैंक के कहा कि नया बैकऑफिस झारखंड में बैंक की परिचालन क्षमता को मजबूत करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के सार्थक अवसर उपलब्ध कराने में मददगार बनेगा। नया बैकऑफिस बैंक की परिचालन क्षमता को बेहतर और निर्बाध बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मौके पर बैंक के रीजनल हेड बिहार, झारखंड एवं ओडिशा कुमार अभिषेक, जोनल हेड नितेश नारायण चौधरी सहित बैंक

# प्राइमरी मार्केट में जमकर होगी हलचल, एनएसई और हीरो मोटर्स समेत 11 नए आईपीओ की लॉन्चिंग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मंगलवार यानी 15 सितंबर से शुरू हो रहा कारोबारी सप्ताह आईपीओ के लिहाज से ब्लॉकबस्टर रहने वाला है। नए हफ्ते में एनएसई और हीरो मोटर्स के आईपीओ समेत 11 नए पब्लिक इश्यू खुलने जा रहे हैं। इनमें से 5 मेनबोर्ड सेगमेंट से हैं। जबकि शेष छह कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा नए सप्ताह में पहले से खुले 8 आईपीओ में भी पैसे लगाने का मौका रहेगा। नए शुरू हो रहे सप्ताह में 19 कंपनियों के शेयर अपनी शुरूआत करने वाले हैं। इनमें से 11 कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं। जबकि शेष 8 कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 15 सितंबर को वामा वुवेनफैब का 49.54 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 17 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लेकर 341 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 400 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 22 सितंबर को बीएसई एसएमई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम 28 रुपये पर चल रहा है।

इसी दिन यानी 15 सितंबर को ही एसएमई सेगमेंट का दूसरा आईपीओ क्वांतो एग्रोवर्ल्ड भी खुलेगा, जिसका कुल साइज 31.02 करोड़ रुपये है। इसमें 17 सितंबर प्राइस बैंड 67 रुपये प्रति शेयर (फिक्स्ड प्राइस) और लॉट साइज 2,000 शेयरों का तय किया गया है। इसकी लिस्टिंग 22 सितंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर संभावित है। इसका वर्तमान ग्रे मार्केट प्रीमियम 8 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

15 सितंबर को ही खुलने वाला तीसरा इश्यू शक्ति पॉलीटार्प का है, जो करीब 26.93 करोड़ रुपये जुटाने बाजार में आ रहा है। 17 सितंबर तक खुली रहने वाली इस विंडो के लिए 56 रुपये प्रति शेयर से लेकर 59 प्रति शेयर का प्राइस बैंड और 2,000 शेयरों का लॉट साइज तय किया गया है। इसकी लिस्टिंग 22 सितंबर को बीएसई एसएमई पर होगी। इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम 11 रुपये के स्तर पर बना हुआ है।

इसके अगले दिन 16 सितंबर को मेनबोर्ड सेगमेंट में भारी हलचल होगी, जब तीन बड़े आईपीओ एक साथ दस्तक देंगे। पहला बड़ा नाम दिग्गज टू-व्हीलर कंपोनेंट करोड़ रुपये का बड़ा आईपीओ लेकर आ रही है। इस इश्यू में निवेशक 18 सितंबर तक दांव लगा सकेंगे। कंपनी ने इसके लिए 79 रुपये प्रति शेयर से लेकर 84 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड और 178 शेयरों का लॉट साइज तय किया है। इसकी लिस्टिंग 23 सितंबर को एनएसई और बीएसई दोनों पर होगी। ग्रे मार्केट में इसका जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिलहाल इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम 24 रुपये पर पहुंच चुका है।

इसी दिन यानी 16 सितंबर को ही रिटेल सेक्टर की कंपनी एसएस रिटेल का 500 करोड़ रुपये का आईपीओ भी खुलेगा, जिसमें 18 सितंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। इसके लिए 403 रुपये प्रति शेयर से लेकर 424 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड और 35 शेयरों का लॉट साइज तय किया गया है। 23 सितंबर को एनएसई और बीएसई पर लिस्ट होने वाले इस इश्यू का ग्रे मार्केट प्रीमियम फिलहाल 32 रुपये के स्तर

# एक्सरसाइज करने के लिए करें फोम रोलर का इस्तेमाल

## जानिए इससे जुड़ी अहम बातें

फोम रोलर एक ऐसा साधन है, जो आपकी एक्सरसाइज को और असरदार बना सकता है। यह मांसपेशियों को आराम देने, शरीर को लचीला बनाने और थकान कम करने में मदद करता है। सही तरीके से इस्तेमाल करने पर यह शरीर को चोटों से बचाने और फिटनेस को बेहतर बनाने में भी सहायक हो सकता है। आइए जानते हैं कि फोम रोलर का उपयोग कैसे किया जा सकता है और यह आपकी दिनचर्या में क्यों जरूरी है।

### चोटों से बचाने में सहायक

» फोम रोलर का उपयोग करने से चोट लगने का खतरा कम हो सकता है। यह मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर को स्थिरता देता है।

» अगर आप पहले से किसी चोट से परेशान हैं तो इसका इस्तेमाल करने से मांसपेशियों में आराम मिलेगा और उनकी ताकत फिर से लौटेगी।

» यह आपको ज्यादा सुरक्षित और प्रभावी तरीके से एक्सरसाइज करने में मदद करता है। हालांकि, आपको इस्तेमाल से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

### मांसपेशियों की थकान को करता है दूर

एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों में अक्सर थकान और दर्द महसूस होता है। इसका मुख्य कारण मांसपेशियों में बनने वाला एसिड होता है, जो थकावट बढ़ा सकता है।

फोम रोलर का इस्तेमाल करने से मांसपेशियों पर हल्का दबाव पड़ता है, जिससे खून का बहाव बेहतर होता है और यह एसिड बाहर निकल जाता है।

इससे मांसपेशियों को आराम मिलता है और वे जल्दी ठीक हो जाती हैं। नियमित रूप से करने पर भारी एक्सरसाइज के बाद भी आप बेहतर महसूस करेंगे।

### शरीर को लचीला बनाने में मददगार

फोम रोलर का उपयोग करने से शरीर का सख्तपन कम होता है और लचीलापन बढ़ता है। यह खासकर उन लोगों के लिए अच्छा है, जिनकी मांसपेशियां अकड़ जाती हैं या जो स्ट्रेचिंग में परेशानी महसूस करते हैं।

फोम रोलर मांसपेशियों को खींचने और उन्हें आराम देने में मदद करता है। यह आपके शरीर की हलचल को आसान बनाता है और एक्सरसाइज को ज्यादा प्रभावी बनाता है।

इसके जरिए शरीर अच्छी तरह मुड़ता है।

### तनाव और थकावट होता है कम

फोम रोलर न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करने में मदद करता है। इसे इस्तेमाल करने से मांसपेशियां आराम करती हैं और शरीर हल्का महसूस होता है।

यह खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो दिनभर के काम के बाद थकान और तनाव का अनुभव करते हैं।

इसका इस्तेमाल करने से आप न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी तरोताजा महसूस करेंगे।

### सही तरीके से करें फोम रोलर का उपयोग

फोम रोलर का सही तरीके से उपयोग करना बहुत जरूरी है, ताकि इसका पूरा फायदा उठाया जा सके। इसे धीरे-धीरे शरीर के उन हिस्सों पर घुमाएं, जहां दर्द या खिंचाव महसूस हो।

गर्दन, पीठ, जांघों और पैरों पर इसका इस्तेमाल काफी फायदेमंद हो सकता है। ध्यान रखें कि इसे ज्यादा जोर से न दबाएं, बल्कि हल्के हाथों से इस्तेमाल करें।

इस तरह फोम रोलर का सही उपयोग आपकी एक्सरसाइज को और भी बेहतर बना सकता है।



# तनाव को कम करने में सहायक है साउंड बाथ थेरेपी, जानिए इसके 5 फायदे

साउंड बाथ थेरेपी एक खास तकनीक है, जो तनाव को कम करने और मन को शांत करने में मदद करती है। इसमें अलग-अलग प्रकार की आवाजों का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपके मन और शरीर को सुकून देती हैं। यह तरीका न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि शारीरिक आराम भी देता है। आइए जानते हैं कि साउंड बाथ थेरेपी के क्या-क्या फायदे हैं, ताकि आप भी इसका लाभ उठा सकें।

### ● मन को शांत करने में मददगार

साउंड बाथ थेरेपी में इस्तेमाल होने वाली ध्वनियां आपके मन को स्थिर करती हैं। जब आप इस थेरेपी का अनुभव करते हैं तो बाहरी शोरगुल से दूर होकर एक शांत माहौल में पहुंचते हैं।

इससे आपका मन शांत होता है और आप एक नई ऊर्जा महसूस करते हैं। यह तरीका आपके दिमाग को आराम देता है और चिंता को कम करने में मदद करता है।

इससे मन की चिंताएं दूर होने लगती हैं।

### ● अच्छी नींद पाने में सहायक

अगर आपको नींद आने में परेशानी होती है तो साउंड बाथ थेरेपी आपके लिए मददगार हो सकती है।

इस थेरेपी के दौरान सुनाई देने वाली आवाजें आपके दिमाग को शांत करती हैं और आपको बेहतर नींद लेने में मदद करती हैं।

नियमित रूप से इस थेरेपी का इस्तेमाल करने से आपकी नींद की गुणवत्ता सुधरती है और आप सुबह ताजगी महसूस करते हैं।

इसे करवाने के बाद शरीर आराम की स्थिति में आ जाता है और नींद आ जाती है।

### ● शरीर को आराम देने के लिए सही

साउंड बाथ थेरेपी से न सिर्फ मन को सुकून मिलता है, बल्कि यह शरीर को भी आराम देती है।

इसमें सुनाई देने वाली आवाजें आपके शरीर की थकी हुई मांसपेशियों को राहत देती हैं, जिससे उनका तनाव धीरे-धीरे कम होने लगता है।

इससे आपका शरीर हल्का और आरामदायक महसूस करता है। यह थेरेपी थकान और तनाव को दूर करने का एक अच्छा तरीका है।

इससे दर्द आदि से भी राहत मिल सकती है।

### ● ध्यान के लिए सबसे बढ़िया विकल्प

साउंड बाथ थेरेपी से आपकी ध्यान लगाने की क्षमता बढ़ती है। इस थेरेपी के दौरान आप केवल सुनाई देने वाली आवाजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे आपका मन एक जगह पर टिकता है।

यह आपकी सोचने और समझने की ताकत को बढ़ाने में मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से आप अपने काम में अधिक ध्यान और फोकस ला सकते हैं।

साथ ही इससे मानसिक स्वास्थ्य धीरे-धीरे ठीक होता है।

भावनाओं को संतुलित करने में फायदेमंद

साउंड बाथ थेरेपी आपकी भावनाओं को संतुलित करने में भी मदद कर सकती है। जब आप इसे अपनाते हैं तो आपके अंदर की नकारात्मक सोच और भावनाएं कम हो जाती हैं।

यह थेरेपी आपको सकारात्मक सोचने और बेहतर महसूस करने में मदद करती है। इसे अपनाकर आप अपने जीवन को खुशहाल और तनावमुक्त बना सकते हैं।

इन फायदों को जानने के बाद आप जरूर इस खास थेरेपी को अपनाना चाहेंगे।





# आर्मी मेजर बनने के लिए लेनी पड़ी खास ट्रेनिंग

## अश्मिता बख्शी ने बताया अपना अनुभव

अश्मिता बख्शी इन दिनों टीवी शो 108 बेस हॉस्पिटल - उरी में आर्मी मेजर और नर्स अनीता सोलंकी के किरदार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि शो का कॉन्सेप्ट उन्हें बहुत अच्छा लगा, जिस वजह से वह शो के लिए मना नहीं कर पाईं। उन्होंने बताया, इस शो में मैं एक नर्स का किरदार निभा रही हूं, जो सेना में मेजर भी है। इस शो के मेकर्स के साथ मैंने पहले भी काम किया है। वह इस किरदार के लिए कास्टिंग कर रहे थे और मुझे लगता है कि यह आखिरी रोल था जिसे उन्हें फाइनल करना था। उन्होंने मुझे इसके लिए बुलाया और किरदार के बारे में बताया। अश्मिता बख्शी ने बताया कि शो के साथ उनके किरदार की भी कहानी बढ़ेगी। उन्होंने बताया, मेरा किरदार बहुत ही अच्छा है और यह कहानी के साथ-साथ आगे बढ़ेगा। सबसे खास बात यह है कि शो डेली सोप से बिल्कुल अलग है। इसी कॉन्सेप्ट ने मुझे उत्साहित किया और मैंने इसे करने का फैसला लिया।

अभिनेत्री ने आगे बातचीत में यह भी बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए क्या क्या तैयारी की थी। उन्होंने कहा, जब आप किसी आर्मी नर्स का किरदार निभा रही हो और वो मेजर भी है, तो सही बॉडी लैंग्वेज होना जरूरी है। रीडिंग सेशन के दौरान हमें बताया भी गया था कि पोस्चर और स्टांस कैसा होना चाहिए और आर्मी ऑफिसर के तौर पर हमें एक-दूसरे से कैसे मिलना चाहिए।

अभिनेत्री ने आगे कहा, जब मैं कैरेक्टर के नर्स वाले हिस्से की तैयारी कर रही थीं, तो हमें ऑपरेशन थिएटर और हॉस्पिटल में प्रोटोकॉल फॉलो करने की ट्रेनिंग भी दी गई थी। हमें वह ट्रेनिंग शूट से पहले मिली थी, इसलिए मेकर्स ने सब कुछ संभाल लिया था।

अभिनेत्री ने बताया कि वह एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखती हैं, जो कई सालों से खेलों में अपना योगदान देते आए हैं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्स फैमिली से ताल्लुक रखती हूं। मेरे दादाजी हॉकी खेलते थे और फिटनेस मेरे खून में है। इसलिए आर्मी स्टांस रखना और जरूरी बॉडी पोस्चर बनाए रखना मेरे लिए थोड़ा आसान था। साथ ही, एक प्रोफेशनल डांसर होने से भी मुझे मदद मिली।

अश्मिता बख्शी ने शो के बारे में बताया, यह शो श्रीनगर के असल आर्मी हॉस्पिटल से प्रेरित है, लेकिन शूट वहां नहीं हुआ। हमने मुंबई स्टूडियो में शूट किया और इसका कुछ हिस्सा कश्मीर में शूट किया गया। शो असल अनुभवों से प्रेरित है। किरदार काल्पनिक हैं, लेकिन कहानियां असल हॉस्पिटल के अनुभवों से प्रेरित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगी के खिलाफ डीग पुलिस का बड़ा प्रहार, 4 साइबर ठग गिरफ्तार

- **ऑपरेशन काउंटडाउन के तहत सीकरी पुलिस की कार्रवाई – चार एंड्रॉयड मोबाइल व सिम कार्ड जब्त, सोशल मीडिया पर सस्ते सामान-वाहनों के फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों को बनाते थे शिकार**

**चमकता राजस्थान/डीग।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर शिकंजा कसने के लिए डीग पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन काउंटडाउन'' के तहत सीकरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार कथित साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं सिम कार्ड बरामद किए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए लोगों को फर्जी विज्ञापनों के जाल में फंसाकर एडवांस रकम ठगने का तरीका सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 13 सितंबर को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर सीकरी थाना पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस टीम ने गुलपाड़ा रोड पर इमलाड़ी गोलकी चौराहा और गुलपाड़ा के बीच खाली पड़ी दुकानों के सामने दबिश देकर चार संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया।

### साइबर ठगी के खिलाफ डीग पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- **सोशल मीडिया पर सस्ते सामान का फर्जी विज्ञापन डालकर बनाते थे शिकार, सुनसान जगह बुलाकर धमकी-मारपीट से ऐंठते थे रकम; चार आरोपी गिरफ्तार, थार गाड़ी जब्त**

**चमकता राजस्थान/डीग।** साइबर ठगी के खिलाफ डीग पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन काउंटडाउन'' के तहत कामां थाना पुलिस, साइबर सेल, डीएसटी एवं क्यूआरटी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के प्रकरण में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साइबर अपराध में प्रयुक्त उपकरणों के साथ एक थार गाड़ी भी जब्त की है। पुलिस की कार्रवाई से सोशल मीडिया के जरिए लोगों को सस्ते सामान का लालच देकर ठगी के जाल में फंसाने वाले गिरोह में हड़कंप मच गया।

- **सस्ते सामान का विज्ञापन बनता था ठगी का जाल**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी नाम-पते से सस्ते दामों में सामान बेचने के विज्ञापन डालते थे। विज्ञापन देखकर जब कोई व्यक्ति सामान खरीदने के लिए आरोपियों से संपर्क करता, तो आरोपी उसे अपनी बातों में फंसाकर किसी सुनसान स्थान पर बुलाते थे। वहां पहुंचने के बाद कथित रूप से धमकी और मारपीट कर पीड़ित से रुपये ऐंठे जाते थे। इस तरह सोशल मीडिया पर शुरू होने वाला संपर्क पीड़ित के लिए ठगी और भय का कारण बन जाता था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गिरोह से जुड़े चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### डीग निकाय चुनाव में जीत के बाद वार्ड 38 में जश्न

- **सभासद देवेंद्र सिंह उर्फ देवों पटेल का जगह-जगह स्वागत, कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान; समर्थकों ने जीत पर जताई खुशी**

**चमकता राजस्थान/डीग, 14 सितंबर।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 के परिणाम घोषित होने के बाद डीग शहर में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले सभासदों के सम्मान और स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में वार्ड संख्या 38 से विजयी सभासद देवेंद्र सिंह उर्फ देवों पटेल का कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत कर जीत की खुशी जाहिर की।

चुनावी परिणाम सामने आने के बाद देवेंद्र सिंह उर्फ देवों पटेल के समर्थक और कार्यकर्ता एकत्रित हुए तथा उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विजयी सभासद का सम्मान करते हुए फूल-मालाओं से स्वागत किया। समर्थकों में जीत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

- **कार्यकर्ताओं ने मनाई जीत की खुशी**

वार्ड 38 में देवेंद्र सिंह उर्फ देवों पटेल की जीत के बाद समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने विजयी प्रत्याशी के समर्थन में उत्साह व्यक्त किया और इसे वार्ड की जनता के विश्वास की जीत बताया।

समर्थकों का कहना था कि चुनाव में वार्डवासियों ने जिस विश्वास के साथ देवेंद्र सिंह उर्फ देवों पटेल को अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि नए सभासद वार्ड की समस्याओं को नगर परिषद स्तर पर मजबूती से उठाएंगे तथा विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# डग में आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया हरतालिका तीज, सुहागिनों ने अखंड सौभाग्य की कामना की

चमकता राजस्थान



**डग।** कस्बे में सोमवार को हरतालिका तीज का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया।सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर व्रत रखा तथा भगवान शिव और माता गौरी की आराधना की।इस अवसर पर कस्बे के शिवालयों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।महिलाओं ने मंदिर परिसर में बालू-रेत से शिवलिंग का निर्माण कर शिव-पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की।विभिन्न प्रकार के फूल,फल,बेलपत्र, 36 प्रकार की पत्तियां एवं सब्जियों से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया गया।महिलाओं ने दिनभर निराहार और निर्जल रहकर हरतालिका तीज की कथा का श्रवण किया।कस्बे के नर्मदेश्वर महादेव गायत्री मंदिर,तेजेश्वर महादेव,राजराजेश्वर महादेव, राजमंदिर, मुरलीमनोहर मन्दिर निमचौक सहित अनेक मंदिरों में महिलाओं ने सामूहिक पूजा की।कई मंदिरों एवं घरों में रात्रि जागरण कर अखंड भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया और तड़के विधि-विधान से शिवलिंग का जलाशय में विसर्जन किया गया।पौराणिक मान्यता के अनुसार पिता दक्ष के यज्ञ में पति भगवान शिव का अपमान सहन न कर पाने के कारण देवी सती ने स्वयं को यज्ञ की अग्नि में भस्म कर दिया था।अगले जन्म में उन्होंने राजा हिमाचल के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया और पूर्व जन्म की स्मृति शेष रहने के कारण भगवान शिव को ही पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की।जब राजा हिमाचल ने नारद जी के कहने पर उनका विवाह भगवान विष्णु से कराने का निश्चय किया,तो पार्वती की सखियां उनका हरण कर घने वन में ले गईं।सखियों द्वारा हरण कर ले जाने के कारण ही इस व्रत का नाम हरतालिका पड़ा।घोर तपस्या के बाद पार्वती जी को भगवान शिव पति के रूप में प्राप्त हुए।तभी से अखंड सौभाग्य के लिए इस व्रत की परंपरा चली आ रही है।

# भीलवाड़ा नगर निकाय चुनाव में महेश कुमार बिड़ला का चुनावी विश्लेषण सटीक

चमकता राजस्थान

## 45 से 50 वार्ड में भाजपा की जीत का लगाया था अनुमान, परिणाम में भाजपा ने 45 वार्ड जीते

मांडल/भीलवाड़ा। भीलवाड़ा नगर निकाय चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद मांडल निवासी महेश कुमार बिड़ला का चुनाव बाद किया गया राजनीतिक विश्लेषण चर्चा का विषय बन गया है। बिड़ला ने चुनाव परिणाम आने से पहले अपनी जमीनी समझ और राजनीतिक समीकरणों के आधार पर नगर निकाय चुनाव में भाजपा के 45 से 50 वार्डों में जीत दर्ज करने का अनुमान व्यक्त किया था।

परिणाम घोषित होने के बाद उनका यह अनुमान लगभग पूरी तरह सटीक साबित हुआ। चुनाव परिणाम में भाजपा ने 45 वार्डों में जीत दर्ज की, जो उनके द्वारा लगाए गए अनुमान की न्यूनतम सीमा के बिल्कुल अनुरूप रहा।

महेश कुमार बिड़ला ने चुनाव के बाद विभिन्न वार्डों के राजनीतिक समीकरण, प्रत्याशियों की स्थिति, मतदाताओं के रुझान, संगठन की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों का विश्लेषण करते हुए भाजपा की संभावित जीत का आकलन किया था। उन्होंने अपने विश्लेषण के आधार पर भाजपा के लिए 45 से 50 वार्डों में जीत की संभावना जताई थी।

चुनाव परिणाम आने के बाद जब भाजपा के खाते में 45 वार्ड आए तो बिड़ला का चुनावी आकलन सही साबित हुआ। इससे उनके राजनीतिक विश्लेषण और चुनावी समीकरणों की समझ को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है।

महेश कुमार बिड़ला का कहना है कि चुनावी परिणाम केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि जमीनी परिस्थितियों, मतदाताओं के रुझान और प्रत्येक वार्ड के स्थानीय समीकरणों को समझने से बेहतर तरीके से पढ़े जा सकते हैं। उनके द्वारा चुनाव परिणाम से पूर्व लगाया गया 45 से 50 वार्ड का अनुमान परिणाम के बाद सटीक साबित होना इसी जमीनी विश्लेषण का उदाहरण माना जा रहा है।

नगर निकाय चुनाव के परिणाम ने जहां भाजपा के प्रदर्शन को स्पष्ट किया, वहीं बिड़ला द्वारा पहले से व्यक्त किए गए अनुमान ने उनके चुनावी विश्लेषण को भी खासा चर्चा में ला दिया है।

### नगर निकाय चुनाव में भाजपा की बढ़त के संकेत

- **चुनावी सर्वे और जमीनी फीडबैक में 45 से 50 सीटों तक जीत का अनुमान**




**चमकता राजस्थान** महेश कुमार बिड़ला / मांडल भीलवाड़ा भीलवाड़ा। नगर निकाय चुनाव के बाद अब परिणामों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। विभिन्न वार्डों से मिले जमीनी फीडबैक और चुनावी सर्वे के आधार पर भारतीय जनता पार्टी को करीब 45 से 50 सीटों पर जीत मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। सर्वे के मुताबिक कई वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों की स्थिति मजबूत बताई जा रही है, जबकि कुछ सीटों पर मुकाबला बेहद करीबी माना जा रहा है। वहीं कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कई वार्डों में मजबूत चुनौती पेश की है।

अब सभी की नजरें मतगणना पर टिकी हैं। क्या सर्वे का 45-50 सीटों का अनुमान हकीकत में बदलेगा? इसका फैसला मतगणना के बाद ही होगा।

नोटः यह आंकड़े जमीनी फीडबैक एवं चुनावी विश्लेषण पर आधारित अनुमान हैं, आधिकारिक परिणाम नहीं। आधिकारिक जानकारी चुनाव आयोग की ही मान्य होगी

### भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय

- **कुल70 वार्ड में से 45 पर भाजपा विजय**

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला /मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ। सोमवार सुबह भीलवाड़ा तिलक नगर पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना अपने निर्धारित समय सुबह 8:00 बजे चालू हो गई। धीरे-धीरे परिणाम आने लगे ज्यादातर परिणाम भाजपा के पक्ष में आने से भाजपा में खुशी की लहर दौड़ी। लोगों ने नारे एवं पटाखे फोड़े मिठाइयां बांटी। कुल 70 वार्ड में से 45 वार्ड पर भाजपा विजय रही 10 वार्ड पर कांग्रेस विजय रही। 15 वार्ड पर निर्दलीय ने विजय हासिल की।

### संत दयाल पब्लिक स्कूल, मांडल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणेश चतुर्थी महोत्सव

- **नन्हे आरव पटवारी ने भगवान गणेश का रूप धारण कर मोहा सबका मन**



**महेश कुमार बिड़ला` मीडिया प्रभारी, मांडल (भीलवाड़ा)।** मांडल। कस्बे के संत दयाल पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय प्रांगण ''गणपति बप्पा मोरया'' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय के नन्हे छात्र आरव पटवारी की मनमोहक प्रस्तुति रही। आरव पटवारी ने भगवान श्री गणेश का आकर्षक रूप धारण कर मंच पर शानदार प्रस्तुति दी। उनके बाल स्वरूप, मनमोहक वेशभूषा और भावपूर्ण अभिनय ने उपस्थित सभी अध्यापकों, अतिथियों एवं विद्यार्थियों का दिल जीत लिया।

नन्हे आरव की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थितजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भगवान श्री गणेश से सभी के सुख, समृद्धि, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

गणेश चतुर्थी महोत्सव ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

# डग नगरपालिका के प्रथम चुनाव में कांग्रेस का परचम, 20 में से 14 पर जीत, भाजपा 6 सीटों पर मिली जीत

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** नव सृजित डग नगरपालिका के इतिहास के पहले ही चुनाव में कांग्रेस ने अप्रत्याशित जीत दर्ज करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है।नगरपालिका के 20 वार्डों में चुनाव लड़ रहे 61 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज हो गया। 9 सितंबर को हुए मतदान में 11,221 में से 9,430 मतदाताओं (84.03%) ने मतदान किया था।आज वेटेनरी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुबह 8 बजे मतगणना शुरू हुई और करीब 10:30 बजे तक सभी 20 वार्डों के परिणाम सामने आ गए।मतगणना कुल 5 राउंड में पूरी हुई,प्रत्येक राउंड में 4 वार्डों के परिणाम घोषित किए गए।नतीजों में कांग्रेस ने 14 वार्डों में जीत दर्ज की,जबकि भाजपा के खाते में 6 सीटें आईं। इन नतीजों के बाद आरक्षित महिला अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।मतगणना के बाद कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।मतगणना के दौरान बारिश के बावजूद प्रत्याशी और उनके समर्थक परिणाम जानने के लिए डटे रहे।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आई, मतगणना स्थल के आसपास चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। रिटर्निंग अधिकारी ओमप्रकाश चंदेलिया ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतगणना संपन्न होने पर सभी प्रत्याशियों,अधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।नव सृजित पालिका से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों में किसान-मजदूर वर्ग ने कांग्रेस पर भरोसा जताया।मतदान के दिन महिला,बुजुर्ग और युवाओं में खासा उत्साह था,अब सभी की नजरें अध्यक्ष पद के चुनाव पर टिकी हैं।

## श्री चिंतामण गणेश मन्दिर पर लगाया छप्पनभोग

# डग में रिमझिम बारिश के बीच घर-घर विराजे गजानन, चिंतामण दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब

चमकता राजस्थान



**डग।** रिमझिम बारिश के बीच सोमवार को डग नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजने लगे। लोगों ने घर-घर में गणेश प्रतिमा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की। बच्चों और युवाओं में इस दौरान खासा उत्साह देखने को मिला।

डग-चौमहला मुख्य मार्ग पर स्थित अतिप्राचीन श्री चिंतामण गणेश मंदिर में सुबह 5 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया। पुजारियों द्वारा भगवान श्री गणेश का पंचामृत से अभिषेक किया गया, इसके बाद सवा लाख दूर्वा से अर्चना कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे विशेष पूजा अनुष्ठान के बाद महाआरती हुई,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सायंकाल श्री चिंतामण गणेश जी महाराज को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती का आयोजन किया गया। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं सहित नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और छप्पन भोग प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक विशेष पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहेगा। इस अवधि में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ लेते हैं।वहीं गणेश चौक स्थित रियासतकालीन गणेश मंदिर एवं गुप्त गणेश मंदिर,लुहार मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर भी गणेश स्थापना की गई। इस दौरान जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों,भजन संध्या और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। नगर में इस बार कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी और देर शाम तक मंदिरों में दर्शनों के लिए कतारें लगी रहीं।

# अरनिया स्कूल में सजा किशोरी मेला, विद्यार्थियों ने मॉडल व स्टॉल के जरिए दिखाई प्रतिभा

चमकता राजस्थान



**दौसा।** बांदीकुई पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनिया में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तरीय किशोरी मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल एवं ज्ञानवर्धक स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान दिशा-निर्देशानुसार मीना-राजू मंच एवं गार्गी मंच का गठन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार गुप्ता ने की। वहीं आयोजन की जिम्मेदारी कार्यक्रम प्रभारी मीना गुर्जर के निर्देशन में निभाई गई। किशोरी मेले में कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने अलग-अलग श्रेणियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने भाषा, गणित एवं विज्ञान, सामाजिक सरोकार, करियर मार्गदर्शन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा बाल अधिकारों से जुड़े विषयों पर मॉडल और स्टॉल प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच, विषय ज्ञान और जागरूकता का परिचय दिया। मेले में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रस्तुतियों का चयन कर उन्हें ब्लॉक स्तर पर सहभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर शिक्षिका साधना शर्मा, बृजना कुमारी शर्मा, अमरपाल मीना, मनीष यादव, रामोतार गुर्जर, एसडीएमसी सदस्य रघुवीर प्रसाद शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929